


Ludhiana
Covid Update
New case - 3
Active case - 21
Home isolation -20

RNI No. PUNBIL/2014/59416

UTURN TIME
# यूटर्न टाईम

UTURNTIME.COM

THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA




VOL:01 | ISSUE:101 | TUESDAY, DATE: 26-04-2022 | RS.2 | PUBLISH BY: LUDHIANA | DAILY EVENING NEWSPAPER | FOLLOW US ON @UTURNTIME

### डेहलों में जगेड़ा पुल के पास दर्दनाक हादसा

# ओवरस्पीड कार नहर में गिरी, दम घुटने से 5 दोस्तों की मौत

### छठा दोस्त किस्मत से हादसे में बचा

लुधियाना / यूटर्न / 26 अप्रैल। ओवरस्पीड के चलते कार सवार पांच दोस्तों की नहर में डूबने से मौत हो गई, इत्तेफाक से छठा दोस्त खुशकिस्मत निकला और किसी तरह बच गया। मरने वाले पांचों दोस्तों की उम्र महज 35 से 45 साल के बीच थी। यह दर्दनाक हादसा कस्बा डेहलों के गांव जगेड़ा में सोमवार रात करीब बारह बजे का बताते हैं। यहां एक फॉर्च्यूनर नहर बेकाबू होक नहर में जा गिरी।



मृतकों के परिजन पोस्टमार्टम हाउस के बाहर बैठे हुए।



काफी देर तक किसी को हादसे की भनक नहीं लगी। फिर किसी राहगीर ने कार नहर में डूबी देखी तो पुलिस को सूचित किया। तब थाना मलौद की पुलिस ने मौके पर पहुंच कार को नहर से निकलवाया। गोताखोरों की मदद से सभी शवों को बाहर निकाला। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए लुधियाना के सिविल अस्पताल पहुंचवाए।

इस हादसे में मरने वाले कुलदीप सिंह (45), जगदीप सिंह (35), जितेंदर सिंह (40), जगतार सिंह (45) और भजन सिंह (42) शामिल हैं। जबकि सन्नी नामक युवक किसी तरह बच गया, हालांकि वह भी जख्मी हो गया। बताते हैं कि फॉर्च्यूनर कार रोड खाली होने की वजह से बहुत तेज रफ्तार में जा रही थी। अचानक बैलेंस बिगड़ने के बाद कार दीवार से टकराती हुई सीधी नहर में गिर गई। हादसे के करीब दो घंटे बाद तक लॉक गाड़ी में ही फंसे शव फूल चुके थे। परिजनों के मुताबिक मरने वाला जितेंदर उर्फ हैप्पी चार दिन पहले कनाडा से लौटा था, जहां वह ट्राला चलाता था। सोमवार रात वह आसपास के गांव के पांचों दोस्तों के साथ किसी फंक्शन में शिरकत कर लौट रहा था। उसी दौरान यह हादसा हो गया। पीड़ित परिवारों का आरोप है कि हादसे की जानकारी मिलने के करीब दो घंटे तक पुलिस नहीं आई। गाड़ी चारों तरफ से बंद होने की वजह से पांचों दोस्तों की दम घुटने से मौत हो गई।

## पूर्व डी.जी.पी. सुमेध सैनी की जमानत अर्जी खारिज

चंडीगढ़ / यूटर्न / 26 अप्रैल। पंजाब के पूर्व डी.जी.पी. सुमेध सैनी की रैगुलर जमानत अर्जी पर मोहाली कोर्ट ने आज अपना फैसला सुना दिया है। कोर्ट ने पूर्व डी.



जी.पी. सुमेध सैनी की रैगुलर जमानत अर्जी को खारिज कर दिया है। बता दें की सुमेध सैनी की आज मोहाली में चंडीगढ़ सैक्टर 20 में स्थित उनकी कोठी वाले केस की सुनवाई होनी थी। और सुमेध सैनी पर आमदन से ज्यादा प्रॉपर्टी होने के कारण भी उन पर एफ.आई.आर. दर्ज की गयी थी। मोहाली अदालत ने 25 अप्रैल तक फैसला सुरक्षित रखा हुआ था। इसके अलावा सुप्रीम कोट्र से सुमेध सैनी को पहले से बलैकंट बेल मिली हुई है।

## बुधवार को नहीं रहेगी बिजली

लुधियाना / यूटर्न / 26 अप्रैल। पीएसपीसीएल की ओर से 11केवी फीडरों की मरम्मत का अभियान चलाने के दौरान बुधवार 27 अप्रैल को शहर के कई इलाकों में बिजली बंद रहेगी। इस दौरान सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक प्रभावित क्षेत्रों में इंडस्ट्रियल एरिया-ए, घोड़ा रोड लिंक रोड तक और घोड़ा रोड के आसपास के क्षेत्र शामिल रहेगा। जबकि सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक महावीर नगर, रंजीत नगर, सुनील पार्क, न्यू प्रोफेसर कॉलोनी, शेरे पंजाब कॉलोनी, वन कार्यालय, एमबीडी मॉल फिरोजपुर रोड की बिजली सप्लाई बंद रखी जाएगी।



# अकेले रह रही बुजुर्ग महिला की शक्की हालात में मौत, कत्ल की आशंका

### आंख के ऊपर चोट का निशान, पुलिस को बेड से गिरने का शक

### किसी से जमीनी विवाद की चर्चा भी पुलिस-फारेंसिक टीम जांच में जुटी

लुधियाना/यूटर्न/26 अप्रैल। यहां जवाहर नगर कैंप की लेबर कॉलोनी में मंगलवार सुबह एक बुजुर्ग महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतका विमला देवी करीब साठ साल की थीं। पति की मौत के बाद वह कई साल से अकेले रहती थीं, लिहाजा पड़ोसियों को भी उनकी मौत का बाद में पता चला। उनके पड़ोस में रह रही कृष्णा को सुबह किसी ने बताया कि उनके घर का दरवाजा अकसर बंद रहता था। आज सुबह दरवाजा खुला देख शक होने पर वह घर के अंदर गई। जहां विमला बैड के पास नीचे जमीन पर पड़ी थीं। यह देखकर उन्होंने शोर मचाया तो आसपास के लोग इकट्ठे हुए। सूचना पाते ही सामने





कोचर मार्केट चौकी की पुलिस मौके पर पहुंच गई। एसएचओ विजय कुमार व डीएसपी दिलबाग सिंह ने फॉरेंसिक टीम भी मौके पर बुलाई। जिसने कुछ क्लू भी जांच के लिए जुटाए। डीएसपी के मुताबिक प्राथमिक जांच में यही लगता है कि बुजुर्ग होने की वजह से महिला बैड से नीचे गिरी होंगी। उससे ही आंख के ऊपर चोट लगी होगी। फिर भी पूरी गंभीरता से जांच कराई जा रही है। पुलिस आसपास सीसीटीवी कैमरे की फुटेज भी खंगाल रही है। वहीं पड़ोसियों ने चर्चा में बताया कि बुजुर्ग महिला का किसी से जमीनी विवाद भी चल रहा था।

## इंप्रूवमेंट ट्रस्ट और विवाद

भ्रष्टाचार के मामलों को लेकर लुधियाना इंप्रूवमेंट ट्रस्ट भी लगातार विवादों में रहा है। एक बार फिर आरटीआई एक्टिवस्ट ने ट्रस्ट के पूर्व चेयरमैन के खिलाफ सीएम तक शिकायत कर दी है। शिकायत में सीधे चेयरमैन पर अपने पद का दुरुपयोग करते हुए पार्क पर कब्जा करने जैसा आरोप है, जो ऐसे प्रतिष्ठित पद के लिए शर्मनाक माना जाता है। वैसे तो ट्रस्ट की पृष्ठभूमि लंबे समय से ऐसी ही रही है। इसमें चेयरमैन का पद सत्ता के बल पर मिलता है तो जाहिर तौर पर ट्रस्ट के अफसर भी सियासी दबाव में रहते हुए बंदरबांट में शामिल हो जाते हैं। ऐसे कई मामलों की जांच पहले भी हुई, कुछ मामलों में कानूनी कार्रवाई हो गई तो कई दब गए। दरअसल राज्य की सत्ता में बदलाव के बाद जिसने कमान संभाली, उस पार्टी पर भी उंगलियां उठी तो एक-दूसरे के खिलाफ कीचड़ उछालने की बजाए आपसी मौन सहमति बनती रही है। अब आम आदमी पार्टी की सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ जैसे तेवर दिखा रही है, मुमकिन है कि जांच के दौरान ट्रस्ट में भी भ्रष्टाचार के मामलों की परतें उधेड़ी जा सकती हैं।



संदीप शर्मा
चीफ एडीटर

अपने इलाके की जन समस्याओं के लिए आप हमसे दिए हुए नंबर पर संपर्क करें-9888200619, 9818884612

## बारिश की संभावना गलत निकली उल्टे गर्मी बढ़ने से लोग हुए बेहाल

### तापमान 44 डिग्री तक जाएगा दो दिनों में



लुधियाना / यूटर्न / 26 अप्रैल। महानगर समेत सूबे के ज्यादातर इलाकों में भीषण गर्मी से लोग बेहाल है। मौसम माहिरों ने आंधी-बारिश की संभावना जताई थी, लेकिन उसके उलट गर्मी में और इजाफा हो गया है। चिंताजनक पहलू यह है कि बुधवार को 42 डिग्री रहने और उसके बाद लगातार तीन दिनों तक 44 डिग्री सेलसियस तक पहुंचने का अनुमान है। दूसरी तरफ, मंगलवार को सुबह से तापमान में इजाफा देखने को मिला, जिसकी वजह से सामान्य दिनों की तुलना में कई जगह पारा चार-पांच डिग्री सेल्सियस तक बढ़ गया। यहां गौरतलब है कि सोमवार को लुधियाना में पारा 40 तो पटियाला में सबसे ज्यादा दिन का तापमान 41 डिग्री सेल्सियस रहा था। बाकी जिलों में भी तापमान बढ़ने से लोग बेहाल हैं।

# इंप्रूवमेंट ट्रस्ट में पूर्व चेयरमैन के खिलाफ आरटीआई एक्टिविस्ट ने लगाया धरना

### आरोप, पार्क पर कब्जा किया चेयरमैन रहते सीवीओ तक शिकायत, बचा रहे हैं अफसर

लुधियाना/यूटर्न/26 अप्रैल। भ्रष्टाचार के मामलों को लेकर हमेशा सुर्खियों में रहने वाले लुधियाना इंप्रूवमेंट ट्रस्ट का संकट अब बढ़ता जा रहा है। पंजाब में सरकार बदलने के बाद ट्रस्ट के पूर्व चेयरमैन रमन बाला सुब्राह्मणियम भले ही अपना पद छोड़ चुके हैं, लेकिन संगीन इलजाम उनका पीछा नहीं छोड़ रहे। मंगलवार को आरटीआइ एक्टिविस्ट गगनदीप सिंह ने ट्रस्ट आफिस के बाहर उनके खिलाफ धरना लगाया। उनका इलजाम है कि ट्रस्ट के पूर्व चेयरमैन ने अपने घर के साथ बने पार्क पर कब्जा कर रखा है। इस पार्क में गेट लगाकर आम लोगों को वहां नहीं आने दिया जाता। वहीं इस पार्क में अपने घर के दरवाजे भी निकाल रखे हैं, जो कानूनन गलत है। इस बारे में चीफ विजिलेंस अफसर तक शिकायत की थी। सीवीओ ने ट्रस्ट के अफसरों को फौरन पार्क का गेट हटाने के साथ दरवाजे बंद करने के आदेश






दिए थे। जबकि दो हफ्ते बाद भी ट्रस्ट अफसरों ने कोई कार्रवाई नहीं की। वह पूर्व चेयरमैन को बचाने के चक्कर में हैं, इसलिए मजबूरन धरना देना पड़ा।

## करीब ढाई साल से उठा रहे आवाज



आरटीआई एक्टिविस्ट गगनदीप ने पहली शिकायत साल 2019 के अंत में पहली शिकायत की थी। अब उन्होंने मुख्यमंत्री भगवंत मान को भी शिकायत भेजी है। जिसमें आरोप है कि तत्कालीन ट्रस्ट चेयरमैन ने सरकारी फंड का जमकर उपयोग किया। लिहाजा उनके कार्यकाल के सभी कामों की गंभीरतापूर्वक जांच कराई जाए।

यूटर्न टाईम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# बाजवा मिले वैद के घर पर कांग्रेसी नेताओं से

## नेता प्रतिपक्ष ने चल रखी है रुठे कांग्रेसियों को मनाने की मुहिम, पहले आए थे वड़िंग

लुधियाना / यूटर्न / 26 अप्रैल। कांग्रेस के नवनियुक्त नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा मंगलवार को यहां पहुंचे। वह पार्टी के सीनियर नेताओं से मिले और संगठन को मजबूत करने के बारे में चर्चा की। गिल हल्के से पूर्व विधायक कुलदीप वैद के निवास पर यह गहमागहमी वाली बैठक हुई। यहां गौरतलब है कि इसके पहले कांग्रेस के नव नियुक्त प्रदेश प्रधान अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग महानगर में आए थे। तब भी यही चर्चा रही थी कि जो सीनियर कांग्रेसी नेता रुठकर निष्क्रिय बैठे हैं, उनके गिले-शिकवे दूर करने की मुहिम चलाई गई है। आज भी यह चर्चा रही कि विधानसभा चुनाव में अपनी-अपनी हार के बाद कई कांग्रेसी नेता मन में गुबार दबाए बैठे हैं। इसी दौरान हुए पार्टी संगठनों के कार्यक्रमों में उनकी गैर-मौजूदगी से भी इस बात को हवा मिली थी।



### चर्चा, पंजाब कांग्रेस में कितने कमांडर?

हालांकि आज यहां पहुंचे सीनियर नेता बाजवा ने खुलकर तो गुटबाजी की बात स्वीकार नहीं की, लेकिन सभी कांग्रेसी नेताओं को एकजुटता का पाठ पढ़ाते रहे। वहीं पार्टी संगठन में अनुभव रखने कुछ कांग्रेसी नेता यह भी चुटकी लेते रहे कि कांग्रेस के कितने कमांडर पंजाब में हैं। मसलन, राजा वड़िंग के साथ जब पूर्व मंत्री भारत भूषण कार्यकारी प्रदेश प्रधान हैं तो पूर्व प्रधान नवजोत सिद्धू क्यों लगातार अलग से बैठकें करते रहे। अब नेता प्रतिपक्ष बाजवा बेशक सीनियर लीडर हैं, लेकिन वह भी संगठन की जिम्मेदारी निभाने लगे। फिर भला ऐसे में विपक्ष के तौर पर राज्य सरकार को घेरने के मामले में कौन जिम्मेदारी निभाएगा।


## पंजाब में कानून व्यवस्था बदतर सीएम दिल्ली दौरे पर: बाजवा

पंजाब विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा बाद में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान सूबे की आम आदमी पार्टी की सरकार पर जमकर बरसे। वह बोले कि पंजाब में कानून-व्यवस्था बदतर है और सीएम भगवंत मान अपना राज्य छोड़कर दो दिनों के लिए दिल्ली का दौरा कर रहे हैं। वहां के स्कूलों और कॉलेजों का दौरा कर रहे हैं। दूसरी ओर वे लगातार दो बार सांसद रहे। क्या तब दिल्ली में उनकी सरकार नहीं थी ? बाजवा ने तंज कसा कि शहीदों जैसी पगड़ी पहनकर हर कोई शहीद आजम भगत सिंह जैसा नहीं बन सकता है। आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने दावा किया था कि उनकी सरकार बनने के बाद पंजाब में कोई भी किसान आत्महत्या नहीं करेगा। अब वह मुआवजे के तौर पर एक करोड़ रुपये का भुगतान करें। केजरीवाल और मान अपनी जिम्मेदारियों से क्यों भाग रहे हैं।

### श्री दुर्गा माता मंदिर का 72वां स्थापना दिवस

## भव्य स्थापना समारोह रहा श्री दुर्गा माता मंदिर का, सुबह हवन से शुरुआत, उमड़े रहे श्रद्धालु

लुधियाना/यूटर्न/26 अप्रैल। श्री दुर्गा माता मंदिर का 72 वां स्थापना दिवस समारोह मंगलवार को पूरे उत्साह और श्रद्धा से मनाया गया। मंदिर ट्रस्ट की ओर से रखे इस भव्य समागम में डिप्टी कमिश्नर सुरभि मलिक और पुलिस कमिश्नर डॉ. कौस्तुभ शर्मा और जेमिनी स्विंग मशीन के एमडी विनय दुआ विशिष्ट अतिथि रहे। इस दौरान सुबह पूरे विधि-विधान से ज्योति प्रचंड की गई, फिर हवन पूजन किया गया।



इस मौके पर शहर की कई गणमान्य हस्तियां मौजूद रहीं। शाम को मंदिर परिसर में डॉ. राजेश यूनिवर्स यमुनानगर वालों ने महामाई का गुणगान किया। मंदिर ट्रस्ट के सीनियर वाइस चेयरमैन वरिंदर मित्तल की निगरानी में स्थापना दिवस के इस समागम के लिए मंदिर परिसर को फूलों से सजाया गया। इस मौके पर ट्रस्ट के चेयरमैन पुरषोत्तम मित्तल, वरिंदर मित्तल, संजय गोयल, बीके गोयल, पीएल सिंगला, अश्वनी जैन, कुलभूषण बंसल, केसी गुप्ता, अनिल भारती, जगदीप सिंगल, संजय महिन्द्रू, सतीश अग्रवाल, बलबीर कुमार गुप्ता, नवीन मित्तल, केके अरोड़ा, जगदीश राज शर्मा की खास मौजूदगी रही।

## बेखौफ स्नैचर, भीड़ देख बाइक लेकर भागे आगे जा फिर साइकिल सवार घेरकर लूटा

लुधियाना/यूटर्न/26 अप्रैल। महानगर में स्नेचर-लुटेरे इतने बेखौफ हो चुके हैं कि सरेआम वारदात को अंजाम दे रहे हैं। जीटी रोड पर साइकिल सवार युवक पर रॉड से हमला कर लूटने की कोशिश कर रहे तीन बाइक सवार लोग जमा होने पर भाग निकले। थोड़ी दूर जाने पर लुटेरों ने फिर से युवक को घेरकर उसका मोबाइल और नगदी छीन ली। चीमा चौक निवासी शेखर विश्वकर्मा की शिकायत पर थाना डिवीजन छह की पुलिस शिनाख्त के बाद आरोपी नीरज, राहुल और अंकुश के खिलाफ केस दर्ज कर उनको तलाश रही है। दर्ज शिकायत के मुताबिक दो दिन पहले रात के वक्त शेखर साइकिल से प्रताप चौक से ढंडारी कलां की ओर जा रहा था। जैसे ही वह जीटी रोड स्थित मित्तल धर्म कांटा के पास पहुंचा तो बाइक सवार तीन बदमाशों ने उसे घेर लिया। उसकी पीठ पर लोहे की रॉड मारी तो तभी कुछ राहगीर आ गए। जिन्हें देखकर बदमाश फरार हो गए। जब वह ग्यासपुरा पुल पर पहुंचा तो तीनों बदमाशों ने उसे रोककर लूट लिया।



## चलती गाड़ी में आग लगने से ड्राइवर की मौत



फरीदकोट / यूटर्न / 26 अप्रैल। यहां एक दर्दनाक घटना सामने हो गई। राह चलती स्विफ्ट कार में भयानक आग लग गई। जिसके चलते गाड़ी का ड्राइवर अंदर ही फंसकर बुरी तरह झुलस गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई है। वह कोटकपूरा से फरीदकोट की तरफ कार लेकर जा रहा था। समाचार लिखे जाने तक उसकी पहचान नहीं हो पाई है। कार फरीदकोट की बताई जा रही है।

## लुधियानावासी अब डोनेशन कॉर्नर पर बच्चों के लिए कर सकते हैं स्टेशनरी और खिलौने दान

लुधियाना / यूटर्न / 26 अप्रैल। डिप्टी कमिश्नर ने आज डी सी ऑफिस में डोनेशन कॉर्नर का उद्घाटन किया साथ ही जरूरतमंद बच्चों को स्टेशनरी और खिलौने दान करने की अपील की है जिला प्रशासन, लुधियाना ने 'वेस्ट वेल्थ - गिव एंड टेक' के नारे के तहत एक अनूठी पहल की शुरुआत की है जिसके तहत डी सी ऑफिस में एक 'डोनेशन कॉर्नर' स्थापित किया गया है। इस डोनेशन कॉर्नर में, लुधियाना निवासी अब बच्चों के लिए स्टेशनरी और खिलौने दान कर सकते हैं, जिसे आगे जरूरतमंद बच्चों को वितरित किया जाएगा।




इस अवसर पर मीडिया से बात करते हुए डिप्टी कमिश्नर सुरभि मलिक ने कहा कि डोनेट किये गए सामान से बस्तियों में रहने वाले बच्चों,अनाथालयों और जरूरतमंद बच्चों की जरूरतों को पूरा किया जायेगा। उन्होंने कहा कि लोग नई/पुरानी स्टेशनरी सामग्री जैसे पेंसिल, शार्पनर, इरेज़र, पेन, पेंट, नोटबुक, रजिस्टर, खाली कागज, बच्चों की किताबें, खिलोने आदि भी दान कर सकते हैं। इन सभी वस्तुओं को हुनर हट लुधियाना द्वारा इकठे कर सा फ किया जाएगा और आगे जरुरत मंद बच्चों को दान कर दिया जाएगा।

## शाहजी ह्यूमेनिटी सेवा फाउंडेशन ने कराया 21 हनुमान चालीसा का पाठ



लुधियाना / यूटर्न / 26 अप्रैल। शाहजी ह्यूमेनिटी सेवा फाउंडेशन की ओर से पुरानी माधोपुरी की गली नंबर चार में 21 हनुमान चालीसा के पाठ का आयोजन मनी शा जी की अध्यक्षता में किया गया। इसमें मुख्य मेहमान के तौर पर हल्का सेंट्रल के विधायक अशोक पराशर पप्पी पधारे। इस मौके अंशुल अग्रवाल और विशाल कालड़ा ने बताया कि यहां पर 21 हनुमान चालीसा का पाठ मनी शाह जी के जन्म दिवस के उपलक्ष में किया गया। साथ ही यह पाठ इसलिए किया गया, क्योंकि देशभर के लोगों ने करोना महामारी को बर्दाश्त किया है। पिछले 2 साल सभी लोगों के लिए भयानक थे। इस पाठ के माध्यम से हम बालाजी महाराज के चरणों में ऐसी भयानक करोना महामारी को मिटाने के लिए अरदास करते हैं।

## लुधियाना ईस्ट हल्के में सीवरेज समस्या को लेकर विधायक भोला ने की बैठक




लुधियाना / यूटर्न / 26 अप्रैल। संबंधित अधिकारियों को हिदायत दी मानसून से पहले समस्या कराएं हल

लुधियाना/यूटर्न/26 अप्रैल। विधायक दलजीत सिंह उर्फ भोला गरेवाल ने सीवरेज की समस्या को लेकर आज हल्का पूर्वी के वार्ड नंबर 6, 7 और 10 के निवासियों के साथ बैठक की। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। विधायक भोला ने कहा कि इन वार्ड के निवासी लंबे समय से सीवरेज की समस्या से जूझ रहे हैं और इसके तत्काल समाधान के लिए मार्केट एसोसिएशन की ओर से उन्हें मांग पत्र सौंपा गया है। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में हालात बेहद खराब हो जाते हैं और बदबू फैलने के कारण लोग नारकीय जीवन व्यतीत करते हैं। स्थानीय निवासियों और संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक का मुख्य उद्देश्य शिकायतों का समाधान खोजना रहा। विधायक ने अधिकारियों को स्पष्ट किया कि आने वाले बरसात के मौसम से पहले क्षेत्र के निवासियों को इस नारकीय स्थिति से बचाया जाना चाहिए।

### जन्मदिन मुबारक



गैवी मलिक



सारिका सहगल



त्रिवशा जैन



रोहित साहनी

PUBLISH YOUR
Birthday Photograph
& GET A CHANCE TO WIN BIRTHDAY CAKE WORTH RS. 800 EACH
1 FOR YOUNGEST & 1 FOR OLDEST
*T&C
Hot Breads
0161-4603333, 5012222
FOR MORE DETAILS, CALL: 99882-20063, 98142-95372
groupkindia@gmail.com, hetaishinews@gmail.com

ADVERTISEMENT
जन्मदिन/सालगिरा/शोक समाचार फ्री
रस्म किरिया/श्रद्धांजलि ₹2000
क्लासिफाइड डिस्पले ₹500 – 3
M: 98142-95372

# मुंजाल बर्मिंघम सिटी यूनिवर्सिटी सेंटर ऑफ इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप ने लुधियाना में नया कैंपस खोला

## बीसीएम फाउंडेशन और बीसीयू की यह एक बड़ी सराहनीय पहल



लुधियाना/यूटर्न/26 अप्रैल। मुंजाल बर्मिंघम सिटी यूनिवर्सिटी सेंटर ऑफ इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप (एमबीसीआईई) के नए परिसर का लुधियाना में उद्घाटन किया गया। मुंजाल परिवार द्वारा स्पांसर्ड बीसीएम फाउंडेशन और बर्मिंघम सिटी यूनिवर्सिटी यानि बीसीयू का एक संयुक्त उपक्रम है। इस नए कैंपस का उद्घाटन प्रोफेसर फिलिप प्लॉडेन, वाइस चांसलर, बीसीयू ने प्रोफेसर जूलियन बीयर, डिप्टी वाइस चांसलर (रिसर्च, इनोवेशन एंड एंटरप्राइज) और पीटर फ्रांसिस, डिप्टी वाइस चांसलर (एकेडमिक) और योगेश मुंजाल, सुनील कांत मुंजाल, विजय मुंजाल और सुरेश मुंजाल, बीसीएम फाउंडेशन ट्रस्टी की उपस्थिति में किया गया।

पंजाब में उच्च शिक्षा के क्षेत्र को बदलने के साथ ही इस क्षेत्र में एंटरप्रेन्योरशिप इको-सिस्टम को प्रोत्साहित करने के लिए नए कैंपस की स्थापना की गई है। करीब 22,000 वर्ग फुट में फैले इस नए कैंपस को विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ तैयार किया गया है। जिसमें एकेडमिक एरियाज, लेक्चर थिएटर्स, कॉन्फ्रेंस हॉल, लैब्स, एक इन्क्यूबेशन सेंटर और एक लर्निंग रिसोर्स सेंटर शामिल हैं। बर्मिंघम सिटी यूनिवर्सिटी की अत्यधिक कुशल और प्रसिद्ध फैकेल्टी के साथ स्टाफ, कोर्सेज और स्किल प्रोग्राम्स को एमबीसीआईई के इनोवेटिव स्टेम (साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग, आर्ट्स और मैथेमेटिक्स) दृष्टिकोण का उपयोग करके तैयार किए गए हैं। इस कैंपस के माध्यम से, इंजीनियरिंग और नॉन-इंजीनियरिंग ग्रेजुएट्स, लोकल स्टार्ट-अप्स और इंडीपेंडेंट्स के साथ ही कारोबारी परिवारों के अगली पीढ़ी के उद्यमियों को ई-मोबिलिटी पर विशेष ध्यान देने के साथ, इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजीज और इनोवेशन के क्षेत्रों में खुद को फिर से कौशल और अपस्किल करने का अवसर मिलेगा। नए भवन के उद्घाटन पर प्रतिक्रिया देते हुए बीसीएम फाउंडेशन के ट्रस्टी सुनील कांत मुंजाल ने कहा कि इस क्षेत्र में विश्व स्तरीय उच्च शिक्षा प्रदान करने और स्थानीय उद्यमिता और इनोवेशन को बढ़ावा देने की हमारी यात्रा में यह हमारे लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

हम आज इस अवसर पर बर्मिंघम सिटी यूनिवर्सिटी के हमारे सहयोगियों के साथ जुड़कर सम्मानित महसूस कर रहे हैं। आज पंजाब में उच्च शिक्षा खुद को चौराहे पर पाती है। जहां कई छात्र अध्ययन करना चाहते हैं, लेकिन सुविधा नहीं मिल पाने पर वे फिर बेहतर अवसरों की तलाश में दूसरे देशों में प्रवास करते हैं। इसके अतिरिक्त, पंजाब राज्य उद्यमियों और ऑटोमोटिव के सबसे बड़े इकोसिस्टम्स में से एक है। उन्होंने जोर देकर कहा कि दुनिया में कम्पोनेंट निर्माता लेकिन अभी भी निम्न स्तर के इनोवेशन और तकनीकों को अपनाने हुए उन पर ही काम कर रहे हैं।

इस नई सुविधा के माध्यम से, हमारा उद्देश्य स्टेम दृष्टिकोण का उपयोग करके उच्च शिक्षा की पेशकश को नया स्वरूप देना और अधिक सार्थक स्टूडेंट्स को तैयार करना है। हम इकोसिस्टम के लिए एक मंच तैयार करना चाहते हैं ताकि तेजी से बदलती दुनिया में एक साथ आने, चर्चा करने और अवसरों को विकसित करने, अनुसंधान और विकास करने, इनोवेशन की प्रेक्टिस करने और बिजनेस मॉडल को फिर से देखने के अवसर विकसित हो सकें।

लंबी अवधि में, हमारी दृष्टि राज्य में औद्योगिक उद्यमों की बढ़ती इनोवेशन आवश्यकताओं को पूरा करना है और स्थानीय इनोवेटर्स को वैश्विक व्यापार परिदृश्य में प्रतिस्पर्धी बनने में मदद करना है। इस नई सुविधा के बारे में बात करते हुए प्रोफेसर फिलिप प्लॉडेन, वाइस चांसलर, बर्मिंघम सिटी यूनिवर्सिटी ने कहा कि आज भारत में सबसे बड़ा एसएमबी इकोसिस्टम है। यह वर्ल्ड मोटर व्हीकल इंडस्ट्री में एक प्रमुख देश है। इसे इंजीनियरों, ग्रेजुएट्स, अनुभवी प्रोफेशनल्स और हाल ही में, स्टार्ट-अप और उद्यमियों के विशाल और बढ़ते प्रतिभा पूल द्वारा सहायता प्रदान की गई है।

ई-मोबिलिटी को दुनिया भर में महत्वपूर्ण गति मिलने के साथ, हम मानते हैं कि भारत इस क्षेत्र को बाधित करने के लिए अच्छी तरह से तैयार है। हमें पंजाब और आसपास के क्षेत्रों में अत्यधिक विशिष्ट और कुशल प्रतिभा के निर्माण, प्रोत्साहन और उत्साह बनाए रखने के प्रयास में बीसीएम फाउंडेशन का समर्थन करने में प्रसन्नता हो रही है। हमें विश्वास है कि यह नई सुविधा स्थानीय उद्यमियों को तकनीकी ज्ञान और जानकारी से लैस करेगी, जिससे उन्हें वैश्विक उद्योग, विशेष रूप से ईवी डोमेन में एक विशिष्ट लाभ मिलेगा। उद्घाटन के तुरंत बाद नए भवन में काम शुरू हो जाएगा और ये भवन एमबीसीआईई की शैक्षणिक, इंडस्ट्रियल इनोवेशन और इन्क्यूबेशन सेंटर संबंधित गतिविधियों के लिए केंद्रीय स्थल होगा।

# मस्क ने ट्विटर 44 अरब डॉलर में खरीदा



वॉशिंगटन। टेस्ला CEO एलन मस्क ट्विटर के नए मालिक बन गए हैं। मस्क ने इस माइक्रो ब्लॉगिंग साइट को खरीदने के लिए 44 बिलियन डॉलर, यानी 3,368 अरब रुपए की डील की हैं। ट्विटर के इंडिपेंडेंट बोर्ड के चेयरमैन ब्रेट टेलर ने भारतीय समय के मुताबिक रात 12 बजकर 24 मिनट पर एक प्रेस रिलीज में मस्क के साथ हुई डील के बारे में जानकारी दी। मस्क को ट्विटर के हर शेयर के लिए 54.20 डॉलर (4,148 रुपए) चुकाने होंगे। उनके पास पहले से ही ट्विटर में 9% की हिस्सेदारी मौजूद है। वे ट्विटर के सबसे बड़े शेयर होल्डर हैं। ताजा डील के बाद उनके पास कंपनी की 100% हिस्सेदारी होगी और ट्विटर उनकी प्राइवेट कंपनी बन जाएगी। CNN की रिपोर्ट के मुताबिक, एलन मस्क के मालिकाना हक वाली कंपनी बनने के बाद ट्विटर के सभी शेयर होल्डर्स को हर शेयर के बदले 54.20 डॉलर यानी 4,148 रुपए कैश मिलेंगे। शेयर की यह कीमत मस्क के ट्विटर में 9% की हिस्सेदारी का खुलासा करने से पहले के मुकाबले 38% ज्यादा है। मस्क ने पिछले हफ्ते कहा था कि उन्होंने ट्विटर को खरीदने के लिए 46.5 बिलियन डॉलर के फाइनेंस का इंतजाम किया है। इसके बाद ट्विटर के बोर्ड ने मस्क के ऑफर पर नए सिरे से विचार किया। रविवार को मस्क के ऑफर पर चर्चा के लिए ट्विटर के बोर्ड की अहम बैठक भी हुई थी।

# सीईओ अमिताभ कांत ने प्राकृतिक खेती पर दिया जोर

नई दिल्ली / यूटर्न / 26 अप्रैल। नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अमिताभ कांत ने सोमवार को प्राकृतिक खेती पर जोर देते हुए कहा कि अब यह समय की जरूरत बन गई है। उन्होंने कहा कि रसायनों और उर्वरकों के उपयोग के कारण खाद्यान्न उत्पादन की लागत में जोरदार इजाफा हुआ है। अमिताभ कांत ने नीति आयोग की तरफ से नवप्रवर्तन कृषि पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि भारत अब गेहूं और चावल का निर्यातक बन चुका है। उन्होंने आगे कहा कि हमें इस समय इसकी जरूरत है और यह महत्वपूर्ण है कि हम नए वैज्ञानिक तरीकों की पहचान कर यह




सुनिश्चित कर सकें कि किसान इससे सीधे कैसे लाभान्वित हो सकें और उनकी आय में वृद्धि कैसे हो। इस कार्यक्रम के दौरान नीति आयोग के सदस्य रमेश चंद ने कहा कि प्राकृतिक खेती के लिए कई सारी प्रणालियां मौजूद हैं, जिन्हें अपनाया जा सकता है। कांत ने आगे संबोधित करते हुए कहा कि लगातार उर्वरकों और रसायनों के बढ़ते उपयोग के कारण खाद्यान्न उत्पादन की लागत में इजाफा हुआ है। इसके साथ ही सब्जियां उत्पादित करने की लागत भी बढ़ गई है। इसका असर इनके भाव में महंगाई के तौर पर देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती रसायन मुक्त कृषि प्रणाली है।

### मस्क को गडकरी की सलाह

# भारत में बिजनेस करना है तो टेस्ला यहीं बनाइए

नई दिल्ली/ यूटर्न / 26 अप्रैल। केंद्रीय परिवहन परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने एक सम्मेलन में टेस्ला का भारत में फैक्ट्री लगाने के सवाल का जवाब दिया। टेस्ला पर उन्होंने कहा कि वह टेस्ला इलेक्ट्रिक कार की बिक्री के लिए कार बनाने और उनका एक्सपोर्ट करने के लिए उसका स्वागत करते हैं, लेकिन टेस्ला को चीन से कारों का इम्पोर्ट नहीं करना चाहिए। मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि एलन कार को चीन में बनाना और यहां बेचना अच्छा प्रस्ताव नहीं है।



एलन मस्क चाहते हैं कि भारत सरकार टेस्ला की कारों पर इंपोर्ट ड्यूटी को कम करे, जिससे वो विदेशों में बनी टेस्ला की कारों को आसानी से इंडियन मार्केट में बेच सके। लेकिन भारत सरकार इस बात को लेकर बिल्कुल तैयार नहीं है। केंद्र सरकार की ओर से कहा गया था कि एलन मस्क के दबाव का कोई असर नहीं होने वाला है। टेस्ला भारत में कार मैन्युफैक्चर करने की बजाय यहां इंपोर्ट कारें बेचना चाहती है। टेस्ला ने कई मंचों से अपनी यह बात कही है कि भारत सरकार इलेक्ट्रिक कारों पर आयात शुल्क कम करे। हालांकि, सरकार टेस्ला को खरी-खरी बोल चुका है कि टेस्ला भारत में आकर पहले कार बनाए फिर किसी छूट पर विचार होगा। इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर्स पर आग लगने की घटना पर नितिन गडकारी ने कंपनियों को एडवांस एक्शन लेने को कहा है। उन्होंने कंपनियों से कहा है कि जो भी खराब व्हीकल मार्केट में सेलिंग के लिए उतारे गए हैं उन्हे कंपनी रिकॉल करे। कुछ इलेक्ट्रिक व्हीकल कंपनियों के मालिकों ने आग लगने की घटना की वजह गर्मी का बढ़ना बताया था।


# जुर्म की दलदल में धंसता गया सन्नी नाई

## कुलदीप उर्फ सन्नी पेशे से था नाई जुर्म करते-करते बन गया 'कसाई'

- अब आतंकियों से जुड़ हैं तार

**खूंखार अपराधियों में शुमार**






लुधियाना/यूटर्न/26 अप्रैल। महानगर के चर्चित रिंकल खेड़ा मर्डर केस से सुर्खियों में आया कुलदीप कुमार उर्फ सन्नी नाई अब अपराध-जगत में पहचान का मोहताज नहीं है। पुराने शहर के नीमवाला चौक में रहते हुए उसकी कम उम्र में ही संगत बिगड़ गई थी। अपने घर के ही बाहर हेयर सैलून खोला तो वह इस हुनर में नाम कमाने की बजाए लूटपाट, कत्ल जैसे मामलों में नाम आने के बाद अपने खौफ की वजह से वह सन्नी नाई के तौर पर मशहूर हुआ।

### आतंकी-कनेक्शन बन गया

भाजपा वर्कर रिंकल खेड़ा का शहर के अमरपुरा इलाके में बड़ी बेरहमी से कत्ल किया गया था, उसमें सन्नी नाई मुख्य आरोपी है। करीब चार साल से फरार इस भगोड़े आरोपी को बीते दिनों रुपनगर जिले की कलमां पुलिस चौकी पर ग्रेनेड हमले के मामले में गिरफ्तार किया। नवांशहर पुलिस ने उसकी निशानदेही पर हिमाचल प्रदेश में जाकर उसके एक अन्य साथी को गिरफ्तार कर वहां से टिफिन बम भी बरामद किया। रूपनगर पुलिस की गिरफ्त में आने के बाद सन्नी और नवांशहर में गांव बेगमपुरा के जिवतेश सेठी से चंडीगढ़ पुलिस भी कड़ी पूछताछ कर रही है। पुलिस बुड़ैल जेल के बाहर मिले आरडीएक्स मामले के तार रूपनगर बम विस्फोट के साथ जोड़कर जांच कर रही है। आरोपियों के तार पाकिस्तान में बैठे आतंकी रिंदा से जुड़े हैं, ऐसा पुलिस मान रही है।


**सन्नी नाई को लेकर पंजाब पुलिस ने हिमाचल प्रदेश के ऊना में विस्फोटक सामग्री बरामद की थी।**

### ऐसे बढ़ा सन्नी का क्राइम ग्राफ

सैलून का काम छोड़ने के बाद कुलदीप उर्फ सन्नी नाई ने हौजरी का काम शुरू कर दिया था। करीब छह साल पहले उसने अपने घर के पास हींग की फैक्ट्री में लूटपाट की। फैक्ट्री में कर्मचारियों पर हमला कर करीब 6.50 लाख रुपये लूटे थे। वहीं शहर के एक डाक्टर पर भी जानलेवा हमला किया था। लुधियाना पुलिस भी अब सन्नी को प्रोडक्शन वारंट पर लाने की तैयारी कर रही है। सन्नी का पिता मेलों में हौजरी का सामान बेचने का काम करता था। जिसकी सड़क हादसे में मौत हो गई थी। उसका पिता भी कत्ल केस में सजा काटकर आया था। उसकी मां दिव्यांग है, जो घर में रहने को मजबूर है। सन्नी दो बहनों का इकलौता भाई है। गैंगेस्टरों की जिंदगी से प्रभावित होकर अपराध की दलदल में फंसने वालों का कैसा अंजाम होता है, सन्नी इसकी जीती-जागती मिसाल है। उसका परिवार इतना मजबूत नहीं कि दिव्यांग मां और बहनें उसकी अदालत में सही से पैरवी भी कर सकें।

# व्यक्ति ने गुरुद्वारा साहिब में किया हंगामा, पत्नी पर लगाया बिना तलाक दूसरी शादी करने का आरोप

लुधियाना / यूटर्न / 26 अप्रैल। न्यू सुभाष नगर इलाके में उस समय हाई वोल्टेज ड्रामा हो गया, जब एक व्यक्ति ने तलाक लिए बिना पत्नी पर दूसरी शादी करने का आरोप लगाकर गुरुद्वारा साहिब में हंगामा कर दिया। उसकी शिकायत पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और गुरुद्वारा साहिब में चल रहे कार्यक्रम को रुकवा दिया गया।



हालांकि दूसरे पक्ष ने शादी किए जाने के आरोप को सिरे से नकार दिया। उनका कहना था कि गुरुद्वारा साहिब में सुखमणि साहिब का पाठ हो रहा था। युवक गगनदीप सिंह और उसके रिश्तेदार परमदीप सिंह ने बताया कि गगनदीप का अभी तलाक नहीं हुआ है। उनका अदालत में केस चल रहा है। दोनों की 12 साल की एक बच्ची भी है। बिना तलाक लिए उसकी पत्नी गुरुद्वारा साहिब में दूसरी शादी करवा रही थी। वह तीन साल से मायके में रह रही है। गगनदीप के दोस्त ने उसे पत्नी की दूसरी शादी के बारे में बताया। जब वह गुरुद्वारा साहिब पहुंचा तो उसकी पत्नी 55 साल के व्यक्ति से शादी रचा रही थी। गगनदीप की पत्नी मनप्रीत कौर ने कहा कि उनकी शादी की बात गलत है। गुरुद्वारा साहिब में शुकराने के लिए सुखमणि साहिब का पाठ करवाया जा रहा था क्योंकि उसे गगनदीप से छुटकारा मिल गया है। वर्ष 2007 में उसकी गगनदीप के साथ शादी हुई थी। 2010 में उसने बेटी को जन्म दिया था। जुलाई में अदालत की अंतिम तारीख है। इसमें उसे गगनदीप से छुटकारा मिल जाएगा। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान भूपिंदर सिंह ने भी कहा कि शादी नहीं बल्कि अरदास की जा रही थी। लड़की के परिवार का कहना है कि तलाक मिलने के बाद उसकी दोबारा शादी करवाई जाएगी। थाना टिब्बा की पुलिस का कहना है कि पुलिस को महिला द्वारा तलाक लिए बगैर दूसरी शादी करने की शिकायत मिली थी। गुरुद्वारा साहिब में चले रहे कार्यक्रम को पुलिस ने रुकवा दिया है। दोनों पक्ष को दस्तावेज लेकर आने के लिए कहा गया है। जो भी आरोपित पाया जाएगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## शिवसेना राज्य प्रेस सचिव ने प्रोफेसर के खिलाफ पुलिस में दर्ज कराई शिकायत



लुधियाना / यूटर्न / 26 अप्रैल। भगवान श्री राम जी पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में शिवसेना बाला साहेब ठाकरे के राज्य प्रेस सचिव कमल सरोज ने कपूरथला पुलिस को शिकायत सौंप कर तुरंत बनती करवाई के लिए कहा है। कमल सरोज का कहना है की भगवन राम हमारे लिए पूजनीय हैं महिला प्रोफेसर ने भगवान राम के बारे में ऐसा बयान दे कर हमारी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। ऐसी शब्दावली हमारे भगवान राम के बारे में कोई बोले इसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इस लिए पुलिस प्रशासन जल्द ही मुकदमा दर्ज कर उक्त दोषी को गिरफ्तार करे अगर महिला प्रोफेसर को जल्द ग्रिफ्तार न किया गया तो शिवसेना बाला साहेब ठाकरे आंदोलन करने से गुरेज नहीं करेगी। गौरतलब है को लवली यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर को एक ऑडिओ वायरल हुई है जिस में महिला प्रोफेसर ने भगवान राम के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी की थी और इस मामले को तूल पकड़ता देख लवली यूनिवर्सिटी ने महिला प्रोफेसर को सस्पेंड कर दिया था।

## सरदार नगर में 65 लाख रूपये के विकास कार्य का हुआ शुभारंभ

लुधियाना / यूटर्न / 26 अप्रैल। मंगलवार को लुधियाना के वार्ड नम्बर 86 के सरदार नगर में सड़क बनवाने का काम वार्ड नम्बर 86 के पार्षद एवम जिला अध्यक्ष अश्वनी शर्मा की देखरेख में आरम्भ हुआ, जिस से इलाके के निवासिओ और दुकानदारों और मार्किट कमेटी के लोगो में ख़ुशी की लहर पाई गई, इसके बारे अश्वनी शर्मा जी ने बताते हुए कहा कि सारा काम सरदार नगर, बाल सिंह नगर और कबीर नगर का पूरे 65 लाख रूपये की लागत से होना है, बाल सिंह नगर और कबीर नगर का काम पूरा हो चूका है, सरदार नगर का काम बारिश और सर्दियों के कारण लुक प्लांट बंद रहने की वजह से रुक गया था और वैसे भी बारिश और सर्दी में सड़क मजबूत नहीं बनती, इसके इलावा अश्वनी शर्मा जी ने कहा कि वार्ड नंबर 86 में करोड़ो के काम करवाए गए है, जैसे रोड जालिया, सीवरेज का काम सारे इलाके में और वार्ड में पीने के पानी के लिए इलाके में टूबवेल भी लगवाए ताकि इलाका निवासिओ को किसी किसम कि परेशानी ना हो, उन्होंने कहा की मैं काम करने में विश्वास रखता हूँ, इलाका निवासिओ ने उनका मुँह मीठा करवाया और कहा की पिछले 25' सालो में शर्मा जी ने इलाके की नुहार बदल दी है।



## गिन्नीज ब्राइडल एंड नेल स्टूडियो अकेडमी की ओर से प्रोफाइल शूट का आयोजन



लुधियाना / यूटर्न / 26 अप्रैल। लुधियाना के मॉडल टाउन एक्सटेंशन स्तिथ गिन्नीज ब्राइडल एंड नेल स्टूडियो अकेडमी की ओर से प्रोफाइल शूट का आयोजन डायरेक्टर पूजा तुली की अध्यक्षता में किया गया। अकेडमी में जो बच्चों प्रोफेशनल मेकअप आर्टिस्ट बन रहे हैं या वो कोर्स कर रहे है। उनके लिए गिन्नीज़ स्टूडियो ने प्रोफाइल शूट का आयोजन किया। जिसमें स्टूडियो के तरफ से बच्चो को सलूजा डिजाइनर स्टूडियो की डिजाइनर ड्रेसेस दी गई। उनके साथ ज्वैलरी भी बच्चो को दी गई। बच्चो ने प्रोफेशनल मॉडल्स पर लाइव मेकअप करके दिखाया। उसके बाद जिम्मी फोटोग्राफर द्वारा प्रोफेशनल शूट भी हुआ। मेकअप आर्टिस्ट गिन्नी तलवाड़ और उज्वल तलवाड़ ने उन्हें कई तरह के टिप्स भी दिए। डायरेक्टर पूजा तुली ने कहा कि इस तरह की शूट्स करवाने से बच्चों में मोटिवेशन पैदा होता है। हमारा द्वारा इस तरह की एक्टिविटीज करवा कर बच्चो को आगे बढ़ने के लिए एंकरेज़ किया जाता है।

## सरदार नगर रोड का काम चौधरी मदन लाल बग्गा के बेटे ने करवाया शुरू



लुधियाना / यूटर्न / 26 अप्रैल। मंगलवार को वार्ड नंबर 86 के सरदार नगर में दो साल से ठप पड़ी सड़क का काम एम एल ऐ चौधरी मदन लाल बग्गा के बेटे अमन बग्गा ने शुरू करवाया। इस मौके पर उनके साथ एस.सी तीरथ बंसल सहित अन्य अधिकारी विशेष रूप से उपस्थित थे। अमन बग्गा ने कहा कि यह सड़क बाजवा नगर से सुंदर नगर रोड तक जाती है जिसे आज से शुरू कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह सड़क करीब 2 साल से खराब पड़ी थी और जिसकी कोई सार नहीं ली जा रही थी। इस अवसर पर अशोक टंडन, सनी अरोड़ा, मोहिंदर आहूजा, दविंदर जस्सी, मोनू डांग, चिंडी वर्दाच और बिल्लू डांग भी मौजूद थे।

## श्मशान

सड़क के एक तरफ का श्मशान
उसके चबूतरे पर भगवान की मूर्तियां
सामने पीपल का पेड़
और पेड़ के नीचे पड़ी खडित भगवान की मूर्ति है
रात को उसी पेड़ के नीचे जलते दीपक
सब बार-बार एक कहानी सुनाते हैं
जीवन की अटल सच्चाई बार-बार सुनाते हैं
खंडित मूर्तियां प्रमाण है
कि खडित भगवान की मूर्ति को भी
घर में जगह नहीं देते इंसान
जलता दीपक करता है
संकेत
की मृत्यु है तो जीवन है
और जीवन है तो मृत्यु
रोज लाए जाते हैं जनाजे
फूक जाते हैं अपनों को
वहा, कुछ पल जीवन का सार समझ लेते हैं
जाते-जाते फिर
वहा सब ज्ञान की बातें भी छोड़ जाते हैं
श्मशान के बाहर से निकलने से डरते हैं
और
कई बार भूत, अपने अंदर लिए फिरते हैं
अच्छी नौकरी,अच्छी छोकरी, का भूत बॉस की
गुलामी, सास को सलामी ,का भूत
जायदा डरने वाले तो स्कूटर ही घुमा लेते हैं
रात को इधर से ना निकलेंगे
राम-राम कि रट लगा लेते हैं
कई बार मेरा मन प्रश्न करता है
यह इंसान सच्चाई से इतना क्यों डरता है
पता है यही सच है ,
फिर भी कबूल क्यों नहीं करता है
वहम में सारी जिंदगी गुजार देता है
जो हैवो ना देख कर
जो नहीं है वह हो जाए
भ्रम पाल लेता है
पता है, यह होना है
होगा, और होकर रहेगा,
जितना भी स्कूटर मोड़ो
जिंदगी में यह मोड़
आ कर रहे गा
सब को सब पता है
फिर भी टालते जाते हैं
कल समझेंगे
यह वहम पालते जाते हैं
छोटे से जीवन में
ताने-बाने कुछ बड़े बुन लेते हैं
ना चाहते हुए भी
उन्हीं की धुन में रहते हैं
मिथ्या को सच मानते हैं
सच्चाई से डरते हैं
महाभारत का युद्ध यह भी लड़ते हैं
और श्मशान से डरते हैं

कोमल अरोड़ा
कवियित्री



# इंडस्ट्री ट्रेड के प्रोत्साहन को पंजाब व्यापार मंडल ने एमपी अरोड़ा को सौंपा ज्ञापन

### बोले सीएम मान से करवाउंगा मीटिंग



लुधियाना / यूटर्न / 26 अप्रैल। पंजाब प्रदेश व्यापार मंडल की ओर से राज्य महासचिव सुनील मेहरा जिला चेयरमैन पवन लहर महासचिव आयुष अग्रवाल की अध्यक्षता में राज्यसभा सदस्य संजीव अरोड़ा को व्यापारियों की समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन दिया गया। जिसने व्यापारियों को आ रही समस्याओं के बारे में बताया गया। इस मौके सुनील मेहरा ने संजीव अरोड़ा को व्यापारियों की समस्याओं से अवगत कराते हुए कहा कि कैप्टन अमरिंदर सिंह की कांग्रेस सरकार द्वारा लगाया प्रोफेशनल टैक्स व्यापारियों के गले में मौत के फंदे जैसा है। अगर सरकार व्यापारियों के हित के लिए खड़ी है तो वो प्रोफेशनल टैक्स को जल्द से जल्द खत्म कर व्यापारियों को राहत दे। वहीं उन्होंने इंडस्ट्री को आ रहे भारी भरकम बिजली बिलों में भी राहत की मांग की। चेयरमैन पवन लहर ने कहा कि पंजाब में लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति बहुत खराब है जिससे व्यापारियों में डर का माहौल पैदा हुआ पड़ा है। उन्होंने पंजाब में लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति को सुधारने के लिए भी मांग की। वही व्यापारियों के लिए सिंगल विंडो सिस्टम को जल्द से जल्द लागू करने की मांग की। ताकि व्यापारियों के एक ही छत के नीचे सभी सरकारी काम हो सके। आयुष अग्रवाल ने लुधियाना में एयरपोर्ट व अमृतसर को टूरिज्म के तौर पर विकसित करने की मांग करते हुए कहा लुधियाना और अमृतसर इंडस्ट्री के हब हैं। वही उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा की सरकार अपनी तरफ से ट्रेड मेले आयोजित करें। जिससे व्यापारियों को इंडस्ट्री में नई टेक्नोलॉजी के बारे में पता चल सके। प्रवीण शर्मा व अश्वनी महाजन ने व्यापारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए पंजाब स्टेट वेलफेयर बोर्ड बनाने की भी मांग की ताकि व्यापारियों को आ रही दिक्कतों के बारे व उनके समाधान के लिए जल्द निर्णय हो सके। इस अवसर पर अश्वनी महाजन, परवीन शर्मा, वीनू कांसल, अमन टंडन, रोहित लहर आदि उपस्थित थे।

### रितेश इंडस्ट्रीज की तर्ज पर सभी को मिले इंडस्ट्रियल जमीन पर फ्लैट बनाने मंजूरी

मंगलवार को व्यापारियों से रूबरू हुए राज्यसभा एमपी व रितेश प्रॉपर्टीज व इंडस्ट्रीज के डायरेक्टर संजीव अरोड़ा द्वारा कारोबारियों को संसद में इंडस्ट्री व ट्रेड की आवाज बुलंद करने के आश्वासन की खबर सामने आते ही लोगों में चर्चा फैल गई कि एमपी साहब खुद तो इंडस्ट्री के लिए अलॉट हुई जमीन पर रिहायशी फ्लैट बना संवैधानिक तौर पर कानून की उल्लंघना कर रहे हैं और दूसरों को यह आश्वासन दे रहे हैं कि वह इंडस्ट्री के हक में आवाज उठाएंगे। लोगों में चर्चा है कि लुधियाना देश के सबसे प्रदूषित शहरों में से एक है। ऐसे में फोकल प्वाइंट जैसे इंडस्ट्रियल बाहुल्य इलाके में रिहायशी फ्लैट बनाकर क्या एम पी साहब खुद संवैधानिक तौर पर गलत नहीं कर रहे। इंडस्ट्री विशेषज्ञो के अनुसार अगर रितेश प्रापर्टीज एवं इंडस्ट्रीज की जमीन पर हैमटन होम्स बनाना की इजाजत दी गई है तो बाकी सभी इंडस्ट्री को अपनी इंडस्ट्रियल जमीनों पर फ्लैट बनाने की इजाजत दी जाए। वहीं अगर फोकल प्वाइट जैसे इंडस्ट्रियल इलाके में रिहायशी फ्लैट बनाना गलत नहीं है तो सराभा नगर, मॉडल टाउन, गुरदेव नगर, राजगुरु नगर, सिविल लाइन जैसे रिहायशी इलाकों में भी फैक्ट्रियां लगाने की छूट मिलनी चाहिए।

# सेक्लिफ इंटरनेशनल की ओर से मॉम एंड किड्स फैशन शो का आयोजन



लुधियाना / यूटर्न / 26 अप्रैल। सेक्लिफ इंटरनेशनल की ओर से मदर्स डे स्पेशल मॉम एंड किड्स फैशन शो का आयोजन लुधियाना के इश्मीत अकेडमी में करवाया गया। जिसको होस्ट डांस कोरियोग्राफर बिंदिया सूद और हरमन कौर ने किया। शो की शुरुवात लैंप लाइटिंग और गणेश वंदना परफॉर्मेंस के साथ हुई। इस शो में फैशन शो के दौरान कुल दो राउंड हुए। इस शो में पहले राउंड में छोटे छोटे बच्चो ने रैंप वॉक की। दूसरे राउंड में बच्चो ने अपने मदर्स के साथ भी रैंप वॉक किया। सेक्लिफ द्वारा करवाए मॉम एंड किड्स शो में बिंदिया सूद डांस अकेडमी द्वारा डांस परफॉर्मेंस दी। इस शो में गेस्ट के रूप में मिस्टर अंजन, मैडम ऊषा, सुखविंदर कौर, जलसीन कौर, सोनिया छाबड़ा, कीर्ति, तनाया, मेकअप आर्टिस्ट मीनल नागपाल खास तौर पर पहुंची। हरमन कौर ने सभी को वहा हेल्थी को लेकर टिप्स भी दिए। उन्होंने कहा कि आज के समय में अपनी सेहत का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। सेहत से ऊपर आज कल कुछ भी नही। इसी तरह बिंदिया सूद ने कहा कि इस तरह के इवेंट करवाने का मकसद है बच्चो को आगे लेकर आना और उन्हें आगे बढ़ने के लिए मोटिवेट करना।

-फोटो विशाल : ढल्ल

## सेक्रेड हार्ट कान्वेंट स्कूल में बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए फेयरवेल पार्टी का आयोजन



लुधियाना / यूटर्न / 26 अप्रैल। सेक्रेड हार्ट कान्वेंट स्कूल सेक्टर-39 चंडीगढ़ रोड में बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए फेयरवेल पार्टी आयोजित की गई। विद्यार्थियों की ओर से यहां कार्यक्रम के आगाज में विभिन्न परफार्मेंस प्रस्तुत की। कार्यक्रम में आकर्षण का केंद्र रैंप वाक रहा जिसमें दो राउंड चले। पहले राउंड में विद्यार्थियों ने अपना परिचय दिया और दूसरे राउंड में शार्टलिस्ट विद्यार्थी पहुंचे जिनमें आगे के लिए मुकाबला चला। वेस्टर्न डांस के बाद विद्यार्थियों ने स्किट परफार्मेंस भी दी जोकि कोविड-19 पर आधारित रही। विभिन्न टाइटल्स विद्यार्थियों की परफार्मेंस के आधार पर निकाले गए। बनित चावला और अर्पित कौर को मिस्टर और मिस फेयरवेल का टाइटल दिया गया। हार्दिक, रूदराई दमन और समीर को स्टाइलिश परफार्मेंस के टाइटल्स दिए गए। वहीं अपीयरेंस, मिस चार्मिंग, मिस एस्ऐटिक, मिस परफेक्ट और मिस्टर ओसम के टाइटल्स खुशबू, महकप्रीत कौर, तनिशा और कशिश शर्मा को दिए गए। इस मौके पर केक कटिग सेरामनी भी की गई। प्रिसिपल सिस्टर क्रिसपिन ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दी।

## 10,000 की रिश्वत लेते पटवारी को दबेचा

चंडीगढ़ / यूटर्न / 26 अप्रैल। पंजाब विजीलैंस ब्यूरो ने मंगलवार को एक राजस्व पटवारी, उसके निजी सहायक और एक नंबरदार को 10,000 रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों काबू कर लिया। इस सम्बन्धी जानकारी देते हुए विजीलैंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि पटवारी दीदार सिंह हलका गाँव नारीके, उसका निजी सहायक हरविन्दर सिंह उर्फ बरनाला और नम्बरदार तलविन्दर सिंह गाँव सलार जिला मलेरकोटला को शिकायतकर्ता चरणजीत सिंह की शिकायत पर 10,000 रुपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता ने विजीलैंस ब्यूरो को अपनी शिकायत में दोष लगाया था कि उक्त पटवारी ने अपने उक्त मध्यस्थों के द्वारा ज़मीन का इंतकाल दर्ज करने के बदले 15,000 रुपए की माँग की है और सौदा 10,000 रुपए में तय हुआ है।

## ड्यूटी के दौरान शहीद होने वाले सफ़ाई कर्मचारियों और सीवरमैनों को मिलेः डुलगच

लुधियाना / यूटर्न / 26 अप्रैल। मंगलवार को वीर एकलव्य यूथ फेडरेशन का एक शिष्टमंडल संस्था के प्रधान राहुल डुलगच के नेतृत्व में विरोधी पक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा को उनकी लुधियाना फेरी मौके मिला। इस मौके कांग्रेस पार्टी के हलका दक्षिणी से इंचार्ज ईशवरजोत सिंह चीमा भी विशेष तौर पर मौजूद रहे। इस मौके संसथों के समूह अधिकारियों की तरफ से एक माँग पत्र भी प्रताप सिंह बाजवा को दिया गया। इस माँग पत्र बारे जानकारी देते हुए राहुल डुलगच ने बताया कि बीते दिनों पंजाब की आम आदमी पार्टी की सरकार की तरफ से ऐलान किया गया यदि कोई पुलिस कर्मचारी ड्यूटी दौरान शहीद हो जाता है तो उसके



परिवार को मुआवज़े के तौर पर 1करोड़ रुपए की राशि सरकार की तरफ से दी जायेगी जो कि अच्छा फ़ैसला है परंतु आप सरकार ऐसा ऐलान सफ़ाई कर्मचारियों और सीवरमैनों के लिए करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पंजाब ही नहीं बल्कि हर साल देश में बड़ी संख्या में सीवरमैन अपनी जान सिवरेज की सफ़ाई करते समय गवा देते हैं।

## कांग्रेस की सलाह, लुधियाना में क्राइम रोकने को लिया जाए जन-सहयोग

लुधियाना / यूटर्न / 26 अप्रैल। महानगर में कानून व्यवस्था सुधारने के लिए जनसहयोग की भी जरूरत। सुरक्षा बलों का साथ देने के लिए जनता को जगरुक्त करना होगा। यह विचार पंजाब कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं परमिंदर मेहता, सर्बजीत सिंह बंटी व रविन्द्र स्यान ने स्थानीय पुलिस कमिश्नर डॉ कौस्तुभ शर्मा को भेजें ज्ञापन में करते हुए कहा कि आपके द्वारा महानगर की सड़कों, बाजारों में दुकानों व व्यापारिक सस्थानों के आगे अवैध समान लगाने पर प्रतिबंध लगाने। लाटरी व दढ़े सट्टे के अवैध धंधे को सख्ती से बंद करवाने हेतु आई पी सी की सख्त धारा लगाने। होटलों, ढाबो, शराब के ठेकों इत्यादि



के बाहर शराब पीने व पिलाने पर भी सख्त करबाई करने। तथा राजनीतिक दबाव के बगैर पुलिस स्टेशनों में एस एच ओ इत्यादि लगाने का ज़ोरदार शब्दों में स्वागत किया। उन्होंने इसके साथ सुझाव दिए कि महानगर में बढ़ रही आपराधिक धटनाओं को रोकने के लिए जनता के सहयोग हेतु पुलिस स्टेशन व जिला स्तर पर अमन (शांति) कमेटियां गठित की जाए। जिन लोगो के पास लाइसेंसी हथियार है। उनकी वर्कशाप लगा कर उन्हें सुयम की सुरक्षा व अपने आस पास की सुरक्षा हेतु जगरुक्त किया जाए। ताकि महानगर में जन सहयोग के साथ अपराधियों को नकेल डाली जा सकें। महानगर में कई लोग अपना असला लाइसेंस रद्द करवाना चाहते है। उनके लिए सरल व्यवस्था बना एक महीने का समय दिया जाए जिसमें इच्छुक व्यक्ति अपना असला लाइसेंस रद्द करवा सकें। होटल रेस्टोरेंट ढाबों इत्यादि को जो समय 11 बजे रात्रि तक किया गया है। उसके साथ रात्रि 11बजे से 12 बजे तक का समय पैकिंग फ़ूड के लिए रिलीफ के तौर पर दिया जाए।

## लुधियाना-बठिंडा नेशनल हाईवे बनने से दोनों शहरों को फायदा : जीवन गुप्ता

लुधियाना / यूटर्न / 26 अप्रैल। केंद्र की मोदी सरकार द्वारा लुधियाना से बठिंडा तक 6 लेन एक्सप्रेस-वे के निर्माण के जारी आदेश तथा इसे दो वर्ष के निर्धारित समय में पूरा करने की समयावधि तय किए जाने का प्रदेश भाजपा महासचिव जीवन गुप्ता ने स्वागत किया है। जीवन गुप्ता ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लुधियाना-बठिंडा सड़क मार्ग को 6 लेन एक्सप्रेस-वे में तब्दील करना बहुत ही सराहनीय फैसला है।



इससे जहाँ लुधियाना से बठिंडा के लिए यात्रा सुगम होगी वहीं आवाजाही बढ़ने से पंजाब के खजाने को भी फायदा होगा। लुधियाना एवं बठिंडा दोनों ही बड़े आद्योगिक शहर हैं और सड़क मार्ग के विस्तार से व्यापार को भी जबरदस्त बढ़ावा मिलेगा। जीवन गुप्ता ने कहा कि केद्र सरकार द्वारा इस परियोजना के निर्माण हेतु 1,716 रुपए करोड़ की राशि आबंडित की गई है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने दो साल की समय सीमा के साथ जनवरी में इसके निर्माण के लिए निविदाएं आमंत्रित की थीं। करीब 76 किलोमीटर लंबे लुधियाना-बठिंडा राष्ट्रीय राजमार्ग को छह लेन बनाने का काम दो अलग-अलग निर्माण कंपनियों को आवंटित किया गया है। इस निर्माण को 30.3 किलोमीटर तथा 45.243 किलोमीटर के दो भागों में बांटा गया है। जहां पहले खंड के लिए 201.67 हेक्टेयर का अधिग्रहण किया गया है, वहीं दूसरे चरण के लिए जिले के विभिन्न हिस्सों में 36 गांवों में फैले 323.52 हेक्टेयर भूमि की आवश्यकता होगी।

## खबर जरा हटके

# नटराज आसन करने से सेहत को मिलते हैं अद्भुत लाभ

योग के कई आसन हैं जिनके नियमित अभ्यास से हमें स्वस्थ रहने में मदद मिलती है। ऐसा ही एक आसान है नटराज आसन। यह एक नृत्य आसन भी है। इस आसन की खास बात यह भी है की यह भगवान शंकर का मुख्य आसन माना जाता है। यह आसन योग मुद्रा से शरीर को संतुलित करने में मदद करता है। हमारी व्यस्त जीवनशैली में हम अक्सर अपने स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही कर जाते हैं। स्वस्थ्य रहने के लिए शारीरिक गतिविधि बहुत जरूरी होती है। इसके लिए योग एक अच्छा विकल्प है। योग के कई आसन हैं जिनके नियमित अभ्यास से हमें स्वस्थ रहने में मदद मिलती है। ऐसा ही एक आसान है नटराज आसन। यह एक नृत्य आसन भी है। इस आसन की खास बात यह भी है की यह भगवान शंकर का मुख्य आसन माना जाता है। यह आसन योग मुद्रा से शरीर को संतुलित करने में मदद करता है। आज हम आपको नटराज आसन के फायदे के बारे में बताएंगे।

### नटराज आसन करने का तरीका

नटराज आसन करने के लिए सबसे सीधे पहले खड़े हो जाएं। उसके बाद पंजों को एक साथ रखें और आंखों की सीध में किसी पॉइंट पर दृष्टि केंद्रित करें।

उसके बाद दाएं घुटने को मोड़ें और शरीर के पीछे दाहिने हाथ से टखने को पकड़ लें।

अब दोनों घुटनों को एक साथ रखते हुए संतुलन बनाने की कोशिश करें।

उसके बाद धीरे-धीरे दाहिने पैर को उठाते हुए पीछे की ओर तानें और जितना संभव हो ऊंचा उठायें। यह पता कर लें कि दायां कुल्हा बिल्कुल भी ना मुड़े और पैर शरीर के ठीक पीछे ऊपर की ओर उठे।

## आज का विचार




## कार्टून-कोना, राज-नीति




साभार




साभार

# भारत की तेज आर्थिक प्रगति देश के सुनहरे भविष्य की ओर इशारा कर रही



31 मार्च 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष 2021-22 में अर्थ से सम्बंधित विभिन्न क्षेत्रों के निष्पादन सम्बंधी आंकड़े लगातार जारी किए जा रहे हैं। कोरोना महामारी के बाद के समय में ऐसा लगता है कि कई आर्थिक क्षेत्रों में तो जैसे रिकार्ड तोड़ कार्य हुआ है। इसका सीधा असर देश के कर राजस्व के संग्रहण पर भी स्पष्ट तौर पर दिखाई देता है। पिछले सारे रिकार्ड तोड़ते हुए वित्तीय वर्ष 2021-22 में देश में राजस्व संग्रहण 34 प्रतिशत की रिकार्ड वृद्धि दर अर्जित करते हुए 27.07 लाख करोड़ रुपए के स्तर पर पहुंच गया है। इतनी बड़ी राशि का कर संग्रहण देश में कोरोना महामारी की तीन लहरों के आने के बावजूद हुआ है।

प्रत्यक्ष कर संग्रहण भी रिकार्ड 49 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 14.10 लाख करोड़ का रहा है, अप्रत्यक्ष कर संग्रहण भी 20 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 12.90 लाख करोड़ रुपए के स्तर पर पहुंचा है। कम्पनी कर संग्रहण भी 32 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 8.6 लाख करोड़ का रहा है। अब स्पष्ट तौर पर यह कहा जा सकता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था के लगभग सभी आर्थिक क्षेत्र, निष्पादन के मामले में, कोरोना महामारी के समय के पूर्व के स्तर से आगे निकल आए हैं। वित्तीय वर्ष 2021-22 तो समाप्त हो चुका है और अब वित्तीय वर्ष 2022-23 में भारत के आर्थिक क्षेत्र में निष्पादन की चर्चाएं की जाने लगी हैं। केंद्र सरकार भारत को वैश्विक आर्थिक शक्ति बनाने के लिए लगातार नित नए उपाय कर रही है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए वित्त मंत्रालय देश द्वारा बुनियादी ढांचा को विकसित करने के उद्देश्य से पूंजीगत खर्चों में वृद्धि पर लगातार जोर दिया जा रहा है ताकि देश के आर्थिक विकास की गति को और अधिक तेज किया जा सके एवं रोजगार के नए अवसर भारी मात्रा में निर्मित किए जा सकें। इसके लिए वित्तीय वर्ष 2022-23 के बजट में भी भारी भरकम राशि की व्यवस्था की गई है। केंद्र सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 में किए जाने वाले पूंजीगत खर्चों में अधिकतम 35.4 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 7.50 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान बजट में पूंजीगत खर्चों के लिए किया है जबकि वित्तीय वर्ष 2021-22 में 5.54 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत खर्चों का प्रावधान किया गया था।

साथ ही, उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना में कुछ अन्य महत्वपूर्ण उद्योगों को भी शामिल कर इस योजना का दायरा बढ़ाया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत 13 विभिन औद्योगिक उत्पादों को शामिल करते हुए 197,000 करोड़ रुपए की राशि इस योजना पर खर्च करने का निर्णय किया जा चुका है एवं इसमें से बहुत बड़ी राशि का बजट में प्रावधान भी कर लिया गया है।

इस योजना में जिन क्षेत्रों को शामिल किया गया है उनमें शामिल हैं- ऑटोमोबील एवं ऑटो उत्पाद निर्माण इकाईयां, ड्रोन उत्पाद निर्माण इकाईयां, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं हार्डवेयर निर्माण इकाईयां, फूड प्रॉसेसिंग इकाईयां, मेडिकल उपकरण निर्माण इकाईयां, फार्मा उद्योग, स्टील उद्योग, केमिकल उद्योग, एलईडी बल्ब एवं एसी निर्माण इकाईयां, टेक्स्टायल उद्योग, सोलर पैनल निर्माण इकाईयां, टेलिकॉम एवं नेटवर्क उत्पाद निर्माण इकाईयां, शामिल हैं। इस विशेष योजना का लाभ उठाने के उद्देश्य से विश्व की कई बड़ी-बड़ी बहुराष्ट्रीय कम्पनियों ने अपनी उत्पादन इकाईयों को भारत में स्थापित करने का निर्णय लिया है। साथ ही वैश्विक स्तर पर यह कम्पनियां स्थानीय सप्लाई चैन का हिस्सा बनने की ओर भी अग्रसर हैं। इस सबका मिलाजुला असर भारत की आर्थिक वृद्धि दर पर बहुत अच्छा रहने की सम्भावना है। साथ ही कृषि क्षेत्र में सार्वजनिक निवेश में वृद्धि करने के प्रयास किए जा रहे हैं। केंद्र सरकार द्वारा उक्त वर्णित कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा रहे हैं। इस प्रकार भारत 5 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। भारतीय अर्थव्यवस्था के वित्तीय वर्ष 2021-22 में लगभग 3 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के बन जाने का अनुमान लगाया जा रहा है जो कि वैश्विक स्तर पर अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी के बाद 5वें स्थान पर रह सकती है।

वित्तीय वर्ष 2021-22 में विदेशी व्यापार के मामले में भारत ने 417 अरब अमेरिकी डॉलर की वस्तुओं का निर्यात करने में सफलता पाई है। साथ ही, सेवाओं का निर्यात भी 250 अरब अमेरिकी डॉलर के आसपास रहा है। जिस गति से वित्तीय वर्ष 2021-22 में भारत से वस्तुओं एवं सेवाओं का निर्यात बढ़ा है उससे अब यह माना जा रहा है कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में भारत से वस्तुओं एवं सेवाओं का निर्यात 1000 अरब अमेरिकी डॉलर के आंकड़े को पार कर सकता है, जोकि अपने आप में एक इतिहास रच देगा। इसी प्रकार केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में लागू किए गए आर्थिक सुधारों एवं कारोबार सुगमता के लिए उठाए गए कदमों के चलते वित्तीय वर्ष 2022-23 में भारत में 100 अरब अमेरिकी डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश हो सकता है, ऐसी सम्भावनाएं अब उद्योग मंडलों द्वारा व्यक्त की जा रही हैं।

भारत ने विदेशी व्यापार को बढ़ाने एवं प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को आकर्षित करने के उद्देश्य से अभी हाल ही में 18 फरवरी 2022 को यूनाइटेड अरब अमीरात (यूएई) के साथ वृहद आर्थिक भागीदारी समझौता सम्पन्न किया है। इस समझौते का मुख्य उद्देश्य अगले 5 वर्षों के दौरान यूएई के साथ भारत के विदेशी व्यापार को 100 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाना एवं रोजगार के लाखों नए अवसर निर्मित करना है।

अभी भी यूएई भारत का दूसरा सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य है। इस मुक्त व्यापार समझौते से भारत में श्रम-गहन क्षेत्रों मसलन कपड़ा, चमड़ा, जूते-चप्पल, खेल का सामान, प्लास्टिक, फर्नीचर, कृषि और लकड़ी के उत्पाद, इंजीनियरिंग, फार्मास्युटिकल्स और चिकित्सा उपकरणों तथा वाहन जैसे उद्योगों को काफी लाभ मिलेगा। साथ ही सेवा क्षेत्र में भी विशेष रूप से कंप्यूटर से संबंधित सेवाएं, ऑडियो-विजुअल, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन, यात्रा, नर्सिंग, इंजीनियरिंग और लेखा सेवाओं को प्रोत्साहन मिलेगा।

# केवल डायबिटीज ही नहीं, बालों और स्किन के लिए भी बहुत फायदेमंद है जामुन

जामुन का फल डायबिटीज के मरीजों के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि जामुन न केवल स्वास्थ्य बल्कि त्वचा और बालों के लिए भी बहुत फायदेमंद है। जामुन में एंटी-बैक्टीरियल, एस्ट्रिंजेंट और एंटी-ऑक्सीडेंट प्रॉपर्टीज़ मौजूद होती हैं जो त्वचा और बालों के लिए बहुत फायदेमंद हैं। जामुन की गुठली का पाउडर आप कई तरीकों से अपनी त्वचा और बालों के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। आप जामुन की गुठली को सुखाकर इसका पाउडर बना सकते हैं या बाजार से रेडीमेड जामुन की गुठली का पाउडर खरीद सकते हैं। आज के इस लेख में हम आपको बताएंगे कि जामुन किस तरह त्वचा और बालों के लिए फायदेमंद है और आप कैसे इसका इस्तेमाल कर सकते हैं- कई लोगों को चेहरे पर मुहाँसों की समस्या होती है। खासतौर पर गर्मियों में यह समस्या बढ़ जाती है।

मुहाँसों की समस्या से छुटकारा पाने के लिए आप जामुन का इस्तेमाल कर सकते हैं जामुन में एंटी-बैक्टीरियल प्रॉपर्टीज होती हैं जिससे चेहरे पर बैक्टेरिया को पनपने से रोकने और मुंहासों को कम करने में मदद मिलती है। इसके लिए एक चम्मच जामुन की गुठली का पाउडर लें और इसमें दूध मिला कर पेस्ट बना लें। अब रात को सोने से पहले इस पेस्ट को मुंहासों पर लगाएं। सुबह उठकर ठंडे पानी से चेहरा धो लें। इसके अलावा आप 1 चम्मच जामुन की गुठली पाउडर, 1 चम्मच संतरे का पाउडर और 1 चम्मच मसूर दाल का पाउडर लें। अब इसमें गुलाबजल और कुछ बूँदें बादाम के तेल की मिलाकर एक पेस्ट तैयार कर लें। इस पेस्ट को अपने चेहरे पर लगाकर 15 मिनट के लिए छोड़ दें। इसके बाद पानी से चेहरा धो लें। ऐसा करने से



आपकी मुहांसों की समस्या जल्द ही खत्म हो जाएगी। चेहरे के डार्क स्पॉट्स को कम करने के लिए भी आप जामुन का इस्तेमाल कर सकते हैं। जामुन में भरपूर मात्रा में विटामिन सी और एंटी-ऑक्सीडेंट मौजूद होते हैं जो चेहरे के दाग-धब्बों को कम करने में मदद करते हैं। इसके लिए आप 2 चम्मच बेसन में 1 चम्मच जामुन की गुठली का पाउडर, गुलाबजल और कुछ बूँदें बादाम के तेल की मिलकर एक पेस्ट तैयार कर लें। अब इस पेस्ट को अपने चेहरे पर लगाकर 10-15 मिनट के लिए छोड़ दें। इसके बाद पानी से चेहरा धो लें। इस फेसपैक के इस्तेमाल से आपके चेहरे पर डार्क स्पॉट्स कम होंगे और आपको बेदाग त्वचा मिलेगी। ऑयली स्किन वाले लोगों के लिए भी जामुन का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद है। जामुन में एस्ट्रिंजेंट प्रॉपर्टीज होती हैं जिससे त्वचा पर सीबम प्रोडक्शन को कंट्रोल करने में मिलती है। इसके लिए आप 2 चम्मच जामुन फल के गूदे में 1 चम्मच चावल का आटा और गुलाबजल मिलाकर पेस्ट तैयार कर लें। अब इस पेस्ट को अपने चेहरे पर लगाकर 15 मिनट के लिए छोड़ दें।

# मुझसे जलने वाले कुछ नहीं बिगाड़ सके, क्योंकि मेरी चमड़ी मोटीः रवि शास्त्री

मुंबई / यूटर्नः भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि भारत में कुछ लोगों की गैंग थी, जो उन्हें कोच के तौर पर नाकाम होते हुए देखना चाहती थी। उन्होंने यह बयान इंग्लैंड के एक अखबार को दिया। रवि शास्त्री 2014 से 2021 के बीच पहले डायरेक्टर और फिर भारतीय टीम के कोच रहे थे। रवि शास्त्री को 2014 में भारतीय टीम का डायरेक्टर बनाया गया था। इस दौरान वनडे वर्ल्ड कप में भारतीय टीम सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार कर बाहर हुई थी।

इसके बाद शास्त्री को उनके पद से हटा दिया गया और अनिल कुंबले भारत के नए कोच बने। हालांकि 2017 में रवि शास्त्री को फुल टाइम कोच के तौर पर नियुक्त किया गया था। रवि शास्त्री को टीम का कोच बनाने में तब कप्तान रहे विराट कोहली की भूमिका को महत्वपूर्ण माना जाता है। कोहली हर हाल में रवि को कोच के रूप में देखना चाहते थे और आरोप लगता रहा है कि इसी कारण अनिल कुंबले को बगैर कार्यकाल पूरा किए अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा था। दी गार्जियन अखबार से बातचीत में रवि शास्त्री ने कहा, 'मेरे पास कोचिंग की डिग्रियां नहीं थीं, लेवल 1? लेवल 2? भाड़ में गया सब। और भारत जैसे देश में हमेशा जलन होती है। कुछ लोगों की एक गैंग थी जो मुझे फेल करना चाहती थी। मेरी चमड़ी मोटी थी, आप लोग जो ड्यूक बॉल देखते हैं उससे भी मोटी और काफी सख्त। आपको यहां पर मोटी चमड़ी चाहिए होती है। रॉब (इंग्लैंड क्रिकेट टीम के मैनेजर) भी ऐसा कर लेगा, जैसे-जैसे वह काम करते जाएगा। हर दिन उसको मेरी ही तरह जज किया जाएगा। मुझे खुशी है कि उसके पास केंट की कप्तानी का अनुभव है, क्योंकि खिलाड़ियों से बातचीत सबसे अहम होती है। बता दें कि रॉब की को हाल ही में इंग्लैंड क्रिकेट की जिम्मेदारी मिली है। वे भी रवि शास्त्री की तरह जाने-माने कमेंटेटर रहे हैं। साथ ही उनके पास भी शास्त्री की तरह कोई कोचिंग डिग्री नहीं है।



## हर जगह नेशनल टीम एक ही तरह से काम करती हैं

भारतीय टीम के साथ काम करने के अनुभव के आधार पर रवि शास्त्री का मानना है कि क्रिकेट में सब जगह नेशनल टीम्स एक ही तरह से काम करती हैं। उन्होंने कहा, 'रॉब को घरेलू मैचों को लेकर ज्यादा काम करना पड़ सकता है, लेकिन जब बात नेशनल टीम की होती है, तब वे सब जगह समान हैं। 'सबसे जरूरी बात है कि आपको जीतने और मुकाबला करने का माइंडसेट बनाना होगा। आपको उसे हासिल करने के लिए दबंग होना पड़ेगा।' शास्त्री का कहना है कि जब टीम कल्चर की बात होती है तो जो चलता आ रहा है, उसे बदलना होगा।

## बेन स्टोक्स को कप्तान बनाए जाने का समर्थन

शास्त्री को लगता है कि चीजों को समझने के लिए रॉब की को पूर्व कप्तान जो रूट के साथ बात करनी चाहिए। पूर्व भारतीय कोच कहते हैं कि बेन स्टोक्स इंग्लैंड टीम को आगे ले जाने के लिए सही विकल्प होंगे। उनका कहना है कि कप्तानी के चलते स्टोक्स में नई तरह की ऊर्जा आ सकती है और वे अभी से बेहतर खिलाड़ी हो सकते हैं।

# निकिता चोपड़ा ने बिकिनी पहनकर बढ़ाया टेम्परेचर

निकिता को उल्लू ऐप की वेब सीरीज खुल जा सिम सिम, शादी जासूस और एमएक्स प्लेयर की वेब सीरीज हैलो मिनी 2 के लिए जाना जाता है। निकिता सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं और आए दिन अपनी बोल्ड तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। फैंस उनकी तस्वीरें देखने के लिए बेताब रहते हैं। एक्ट्रेस और मॉडल निकिता चोपड़ा अपनी हॉटनेस से सोशल मीडिया सेंसेशन बन चुकी हैं। निकिता को उल्लू ऐप की वेब सीरीज खुल जा सिम सिम, शादी जासूस और एमएक्स प्लेयर की वेब सीरीज हैलो मिनी 2 के लिए जाना जाता है। निकिता सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं और आए दिन अपनी बोल्ड तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। फैंस उनकी तस्वीरें देखने के लिए बेताब रहते हैं। निकिता को बीचेज काफी पसंद हैं। वे अक्सर अपनी वेकेशन की फोटोज सोशल मीडिया पर शेयर करती हैं। उनकी बिकिनी फोटोज सोशल मीडिया पर काफी वायरल हैं। इस पिंक बिकिनी में निकिता अपनी टोंड बॉडी फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं। खुले बालों और सन ग्लासेज के साथ निकिता बेहद हॉट लग रही हैं। इस रेड और ब्लैक कलर की बिकिनी में निकिता का बोल्ड अवतार देखते बनता है। उनकी शोख अदाएं किसी का भी दिल लूट सकती हैं। इस तस्वीर में निकिता ने प्रिंटेड स्विमवियर के ऊपर व्हाइट ट्रांसपेरेंट ट्राउजर पहना है। न्यूड लिप्स और सन ग्लासेज के साथ निकिता बेहद स्टाइलिश दिख रही हैं। इस फोटो में निकिता ने ब्लैक कलर की बिकिनी पहनी है। रेत में खेलती हुई निकिता की यह तस्वीर बेहद खूबसूरत है। निकिता को उल्लू ऐप की वेब सीरीज खुल जा सिम सिम में सिमरन के किरदार के लिए जाना जाता है। यह वेब सीरीज एक शादीशुदा महिला की कहानी है जो अपनी जिंदगी में ढेर सारा फन चाहती है। इस वेब सीरीज में निकिता ने एक से बढ़कर एक बोल्ड सीन दिए हैं।





# बोल्डनेस की हदें पार करती नज़र आईं नम्रता मल्ला

नम्रता ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें वे अपनी बोल्डनेस से कहर ढाती नजर आ रही हैं। इस वीडियो में नम्रता ने येलो कलर की बिकिनी पहनी हुई है। उन्होंने न्यूड मेकअप किया है और उनके बाल खुले हैं। वीडियो में नम्रता अपनी सेक्सी और टोंड बॉडी फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं। भोजपुरी एक्ट्रेस डांसर नम्रता मल्ला अपनी बोल्डनेस से आए दिन सोशल मीडिया पर तहलका मचाती रहती हैं। एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं और आए दिन अपनी हॉट फोटोज और वीडियोज शेयर करती रहती हैं। हाल ही में नम्रता ने एक सिजलिंग वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर की है जिसे देखकर फैंस की धड़कने बढ़ गई हैं। नम्रता ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें वे अपनी बोल्डनेस से कहर ढाती नजर आ रही हैं। इस वीडियो में नम्रता ने येलो कलर की बिकिनी पहनी हुई है। उन्होंने न्यूड मेकअप किया है और उनके बाल खुले हैं। वीडियो में नम्रता अपनी सेक्सी और टोंड बॉडी फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं। इस वीडियो क्लिप में एक्ट्रेस के साथ कई लड़के हैं जो उनकी बॉडी को चूम रहे हैं।


बैकग्राउंड में म्यूजिक बज रहा है और केजीएफ मूवी का वॉयलेंस वॉयलेंस डायलॉग भी सुनाई दे रहा है। इस सिजलिंग वीडियो को देखकर फैंस के पसीने छूट रहे हैं। नम्रता के इस वीडियो पर फैंस लगातार कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'सिजलिंग हॉट।' वहीं एक अन्य यूजर्स ने कमेंट किया, 'वायलेंस की कुछ अलग वॉयलेंस हो रहा है। 'सोशल मीडिया यूजर्स इस वीडियो पर दिल और आग वाले इमोजी बना रहे हैं। आपको बता दें कि नम्रता ने हाल ही में ब्लैक कलर की बिकिनी में कुछ हॉट फोटोज शेयर की थी। इन तस्वीरों में उन्होंने ब्लैक सन ग्लासेज, लाइट मेकअप और ओपन हेयर लुक कैरी किया था। इन फोटोज में वे बेहद हॉट और सिजलिंग लग रही थीं। आपको बता दें कि अमृता बॉलीवुड की सबसे बोल्ड एक्ट्रेसेज में से एक हैं। उन्होंने खेसारी लाल यादव के साथ दो घूंट गाने में काम किया है। यह गाना सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ था।

# कियारा के ग्लैमरस लुक्स देखकर भरेंगे आह


बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी इस समय अपने करियर के पीक पर है। अभिनेत्री एक के बाद एक हिट फिल्में दे रही हैं। शेरशाह की जबरदस्त सफलता के बाद अब कियारा जल्द ही फिल्म 'भूल भुलैया 2' में अभिनेता कार्तिक आर्यन के साथ मुख्य भूमिका में नजर आने वाली हैं। फिल्म 20 मई को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। इन दिनों अभिनेत्री कियारा आडवाणी और अभिनेता कार्तिक आर्यन अपनी आगामी फिल्म 'भूल भुलैया 2' के प्रमोशन में लगे हुए हैं। फिल्म के प्रमोशन के दौरान कियारा अडानी काफी हॉट अवतार में नजर आ रही हैं। अभिनेत्री के हॉट लुक्स उनके फैंस को काफी पसंद आ रहे हैं इसके साथ ही उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर काफी वायरल भी हो रही हैं। कियारा आडवाणी ने इन तस्वीरों में सिल्वर कलर की शिमरी हाई स्लिट ड्रेस पहनी हुई है। खुले बालों, लाइट मेकअप और सिल्वर हील्स के साथ अभिनेत्री ने अपने लुक को कम्पलीट किया है। इस सेक्सी ड्रेस में कियारा काफी हॉट लग रही हैं और उन्होंने अपने आपको काफी अच्छे से कैरी किया हुआ है। अभिनेत्री का हॉट अवतार लोगों को काफी पसंद आ रहा है। इन तस्वीरों में कियारा आडवाणी ऑल रेड लुक में नजर आ रही हैं। कियारा ने डीप नेक मिनी ड्रेस पहनी हुई हैं जिसमें कमर पर कट लगे हुए हैं। इस ड्रेस के साथ अभिनेत्री ने रेड कलर का कोट डाला हुआ है। खुले बालों, न्यूड मेकअप और रेड हाई हील्स के साथ कियारा ने अपना ऑल रेड लुक कम्पलीट किया है।



खुद बोलती तस्वीर



शुभम अभिषेक



# कांग्रेस में शामिल नहीं होंगे प्रशांत किशोर

## पार्टी के एम्पावर्ड एक्शन ग्रुप में शामिल होकर काम करने से इनकार

नई दिल्ली / यूटर्नः लम्बी चर्चाओं और स्पेशल कमेटी की रिपोर्ट के बाद कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला ने साफ कर दिया है कि प्रशांत किशोर अब कांग्रेस का हिस्सा नहीं बनेंगे। सुरजेवाला ने ट्वीट किया है कि कांग्रेस अध्यक्ष ने एक एम्पावर्ड एक्शन ग्रुप 2024 का गठन किया और प्रशांत किशोर को जिम्मेदारी देते हुए ग्रुप में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। लेकिन, उन्होंने मना कर दिया। हम पार्टी को दिए गए उनके प्रयासों और सुझावों की सराहना करते हैं। प्रशांत ने लिखा है- मैंने एम्पावर्ड एक्शन ग्रुप का हिस्सा बनने, पार्टी में शामिल होने और चुनावों की जिम्मेदारी लेने के कांग्रेस का प्रस्ताव ठुकरा दिया है। मेरी राय में पार्टी की अंदरूनी समस्याओं को ठीक करने के लिए, कांग्रेस को मुझसे ज्यादा लीडरशिप और मजबूत इच्छाशक्ति की जरूरत है। कांग्रेस के नेता रणदीप सुरजेवाला ने सोमवार को कहा था कि 2024 लोकसभा चुनाव में क्या नीति रहेगी, इसका फैसला एम्पावर्ड एक्शन ग्रुप ही करेगा। 10 जनपथ में हुई बैठक में कांग्रेस ने भविष्य को लेकर बड़ा फैसला लिया गया, जिसके तहत कांग्रेस ने 6 नई कमेटियां बनाई गई। इन सभी 6 कमेटियों के अलग-अलग संयोजक के तौर पर मल्लिकार्जुन खड़गे, सलमान खुर्शीद, पी चिदंबरम, मुकुल वासनिक, भूपिंदर सिंह हुड्डा और अमरिंदर सिंह वारिंग काम करेंगे।




### कमेटी ने सौंपी थी किशोर की एंट्री पर रिपोर्ट

सोनिया गांधी ने प्रशांत की प्रेजेंटेशन और उनके पार्टी में शामिल होने पर विचार करने के लिए कांग्रेस नेताओं की समिति का गठन किया था। इस कमेटी ने पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी को अपनी रिपोर्ट सौंपी, प्रशांत पर फैसला लेने के लिए कमेटी के सदस्य केसी वेणुगोपाल, दिग्विजय सिंह, अंबिका सोनी, रणदीप सुरजेवाला, जयराम रमेश और प्रियंका गांधी वाड्रा 10 जनपथ गए थे। कमेटी यह भी चाहती थी कि प्रशांत बाकी सभी राजनीतिक दलों से दूरी बना लें और पूरी तरह कांग्रेस के लिए समर्पित हो जाएं। प्रशांत किशोर ने सुझाव दिया था कि कांग्रेस, ममता बनर्जी की टीएमसी और केसीआर की टीआरएस जैसी रीजनल पार्टीज से गठबंधन कर ले।

### प्रेजेंटेशन देने के बाद बदला पीके का फैसला

पीके ने कांग्रेस को 600 पेज का प्रेजेंटेशन भी दिया था, जिसमें यह बताया गया था कि पार्टी को सत्ता में वापसी के लिए क्या करना होगा। हालांकि कांग्रेस के कई दिग्गजों ने पहले ही प्रशांत से किनारा कर लिया था। वे खुद हैदराबाद में 2 दिन तक तेलंगाना के मुख्यमंत्री केसीआर के घर डेरा डाले हुए थे।

# कराची यूनिवर्सिटी में ब्लास्ट, चीनी नागरिक सहित चार की मौत



कराची। पाकिस्तान के कराची यूनिवर्सिटी में जोरदार धमाका हुआ है। जियो न्यूज के अनुसार यह धमाका यूनिवर्सिटी परिसर में खड़ी कार में हुआ है। इस धमाके में दो चीनी नागरिकों समेत चार लोगों की मौत हो गई है। कई गंभीर रूप से घायल हैं। टीवी फुटेज में एक सफेद कार में आग की लपटें दिखाई दे रही हैं। चारो तरफ से कार के अंदर से धुएं के गुबार उठ रहे हैं। घटना पर घटनास्थल पर पुलिस और बचाव कर्मी पहुंच चुके हैं। ब्लास्ट की अधिक जानकारी देते हुए बचाव कर्मियों ने कहा कि कि मस्कान चौरंगी के पास एक वैन में 'सिलेंडर विस्फोट' हुआ है। इस बीच, सिंध के मुख्यमंत्री मुराद अली शाह ने घटना का संज्ञान लिया है और आतंकवाद निरोधी विभाग और एसएसपी ईस्ट को तुरंत घटनास्थल पर पहुंचने का निर्देश दिया है। शाह ने घायलों को दाउ यूनिवर्सिटी अस्पताल में स्थानांतरित करने के निर्देश जारी किए और कराची आयुक्त को एक जांच रिपोर्ट देने को भी कहा है। इस घटना पर अधिक जानकारी देते हुए पूर्वी पुलिस उप महानिरीक्षक मुकद्दस हैदर ने पत्रकारों से कहा कि फिलहाल कुछ नहीं कहा जा सकता है। इस बीच, गुलशन के पुलिस अधीक्षक (एसपी) ने कहा कि इस बात की जांच की जा रही है कि यह ब्लास्ट आतंकवादी कृत्य था या दुर्घटना।

# पाकिस्तान लौटेंगे नवाज शरीफ

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ जल्द ही वतन लौटने वाले हैं। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक शहबाज सरकार ने नवाज को नया पासपोर्ट दिए जाने को मंजूरी दे दी है। नवंबर 2019 में नवाज ने खराब सेहत का हवाला देते हुए लाहौर हाईकोर्ट में विदेश जाकर इलाज कराने की अर्जी दी थी। इसे कोर्ट ने मंजूर कर लिया था। लंदन पहुंचकर नवाज को डर लगा रहा कि पाकिस्तान लौटते ही उनको गिरफ्तार किया जा सकता है। 72 साल के नवाज 3 बार पाकिस्तान के PM रह चुके हैं। इमरान सरकार के दौरान उनके खिलाफ करप्शन के कई आरोप भी लगाए गए थे। उनका पासपोर्ट भी पिछले साल एक्सपायर हो गया था।

# उन्नाव में 17 साल के लड़के की मौत की जांच के तरीके पर अदालत नाखुश


नई दिल्ली / यूटर्नः उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले में 17 साल के लड़के की मौत की जांच के तरीके पर नाखुशी जताते हुए सुप्रीम कोर्ट ने उसकी मां की शिकायत पर मामले की जांच पुलिस महानिरीक्षक को सौंप दी है। न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी और बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने कहा कि जांच अधिकारी द्वारा की गई जांच को निष्पक्ष नहीं कहा जा सकता। राज्य में कोरोना वायरस प्रतिबंधों का उल्लंघन करने के लिए लड़के के साथ पुलिस हिरासत में मारपीट की गई थी। शीर्ष अदालत ने कहा कि निष्पक्ष जांच आपराधिक न्याय प्रणाली की रीढ़ है और जांच का उद्देश्य सच्चाई की खोज करना है ताकि यह अदालत में निष्पक्ष सुनवाई के माध्यम से न्याय के लक्ष्य को पूरा करने में मदद कर सके। बेंच ने कहा, अपराध की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने की आवश्यकता अनिवार्य है क्योंकि यह



एक स्तर पर पीड़ित के अधिकारों और हर नागरिक के मौलिक अधिकारों की रक्षा करती है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि अपराध की जांच की जाए और कानून के अनुसार निपटा जाए। शीर्ष अदालत ने कहा कि अभिलेखों का अध्ययन करने के बाद प्रथम दृष्टया यह माना जाता है कि याचिकाकर्ता की शिकायत इस अदालत में शामिल होने योग्य है। शीर्ष अदालत ने कहा कि इस अदालत को आठ सप्ताह की अवधि के भीतर रिपोर्ट पेश की जाए।

# हाउती विद्रोहियों से सात भारतीय नाविकों को छुड़ाया गया

नई दिल्ली / यूटर्नः यमन में हाल ही में हाउती विद्रोहियों से बचाए गए सात भारतीय नाविकों ने उन्हें सुरक्षित रूप से भारत वापस लाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार का आभार व्यक्त किया। सात भारतीय उन 14 विदेशियों में शामिल थे, जिन्हें दो जनवरी को लाल सागर में संयुक्त अरब अमीरात के झंडे वाले व्यापारी पोत रवाबी को हाउती विद्रोहियों द्वारा बंदी बना लिया गया था। विदेश मंत्रालय ने कहा कि नाविकों को रविवार को हाउती नियंत्रित यमनी राजधानी सना से ओमान की सहायता से मुक्त किया गया। वे ओमान की राजधानी मस्कट से भारत पहुंचे, जहां उन्हें ओमान की रायल एयर फोर्स से संबंधित एक विमान में स्थानांतरित किया गया। बचाए गए नाविकों में से



एक मोहम्मद मुनवर समीर शेख ने बताया कि हम लगभग साढ़े तीन महीने से वहां फंसे हुए थे। भारत सरकार हमारे प्रधान मंत्री और भारतीय दूतावास ने कड़ी बातचीत के बाद हमें बचाया। हम दिल से उन्हें धन्यवाद देते हैं। शेख ने कहा कि भारत सरकार ने हमारे साथ चार अन्य देशों के लोगों को भी बचाया। लखनऊ के रहने वाले मोहम्मद जशीम खान नाम के एक अन्य नाविक ने शेख की बातों को ही आगे बढ़ाया। उन्होंने भारत सरकार को उनके बचाव में आने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि यमन में स्थिति गंभीर है। विद्रोही हमारे जहाज और उसके माल पर कब्जा करना चाहते थे, हमें भी बंदी बना लिया गया था क्योंकि हम जहाज पर चालक दल से थे जब उन्हें पता चला कि हम भारतीय हैं तो उन्होंने हमारे साथ अच्छा व्यवहार किया।

# रूस के स्कूल में गोलीबारी, चार लोगों की मौत, दो बच्चे भी शामिल

कीव/मॉस्को। रूस एक तरफ यूक्रेन से युद्ध लड़ रहा है, तो दूसरी तरफ उसके खुद के शहर में हालात बिगड़े हुए हैं। पश्चिमी रूस में उल्यानोवस्क शहर के एक किंडरगार्डन स्कूल पर गोलबारी का मामला सामने आया है। इस हमले में कुल चार लोगों की मौत हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस हमले में दो बच्चों की भी मौत हुई है। रूस-यूक्रेन युद्ध को करीब दो महीने हो गए हैं। इस बीच रूस की नेशनल डिफेंस मिनिस्ट्री ने बड़ा दावा किया है। मिनिस्ट्री ने कहा है कि रूसी वायुसेना ने 87 सैनिक अड्डो को अपना निशाना बनाया था। इसमें खार्किव के भी दो सैनिक अड्डे शामिल थे। इस कार्रवाई में एक ही रात में यूक्रेन के 500 सैनिक मारे गए। इसके अलावा, डिफेंस मिनिस्ट्री ने अपनी वेबासाइट पर एक वीडियो भी पोस्ट किया है। जिसमें यूक्रेन के हथियार रखने वाली जगहों को कब्जे में लेने की बात कही गई है। इस वीडियो क्लिप में मिलिट्री टैंक और गाड़ियों को आते-जाते भी देखा जा सकता है। रूस ने आगे कहा कि उसने यूक्रेन के गोला-बारूद, हथियार और दस्तावेजों को भी जब्त कर लिया है। रूस के नेशनल डिफेंस कंट्रोल सेंटर के जनरल मिखाइल मिजितसेव ने दावा किया है कि यूक्रेन ने मारियुपोल समेत 7 बंदरगाहों पर 76 विदेशी जहाजों को आगे जाने से रोक दिया है। मिजितसेव ये भी कहा है कि 18 देशों के जहाजों को कीव अधिकारी आगे नहीं जाने दे रहे हैं।

Owner, Publisher, Printer: Komal Sharma, Printed by: BBF Industries Limited, VPO Bhamiia Kalan, Tajpur Road, Ludhiana PB-141011, Published by : House No. 68, New Sarabha Nagar, VPO, Dad. Ludhiana PB-142022, Chief Editor: Sandeep Sharma